# बिहार में जितनी भी पार्टियां आयी, सभी ने ठगा : तेजप्रताप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वजीरगंज।** वजीरगंज विधानसभा अंतर्गत तरवां में शनिवार को जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजप्रताप यादव ने चुनावी सभा में जुटे सैकड़ों समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले मैं इस बुद्ध की भूमि, विष्णुपद, गया जी व वजीरगंज की धरती को नमन करता हूं। इतने कम समय में पार्टी का विकास और हमारी जनता की भीड़ देखकर विपक्षी पार्टी के लोग हड़बड़ा रहे हैं। बिहार में चुनाव के समय सभी लोग आते हैं और चुनाव जीतने के बाद सब वादा भूल जाते हैं। हम चार वादा ही करेंगे और उसे डंके की चोट पर पूरा करेंगे। सबसे पहले तरवां को प्रखंड बनाना है, सभी को रोजगार दिलाना है, स्वास्थ्य एवं शिक्षा में सुधार करना है। यहां प्रेम कुमार जी को आपकी सेवा के लिये भेजा गया है, ये युवा हैं और जवान हैं। हम सामाजिक न्याय की विचारधारा से आते हैं, लोहिया जी, कर्पूरी जी, लालू जी, जयप्रकाश नारायण ने बोला है कि अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना और न्याय दिलाना है। आप सभी लोग ब्लैक बोर्ड पर पढ़े हैं, मोदी जी भी ब्लैक बोर्ड के सामने पढ़े हैं, सभी को इस ब्लैकबोर्ड के पास ही जाना है, तभी विकास होगा और हमारे पार्टी का चुनाव चिह्न भी ब्लैकबोर्ड है। कम उम्र में मौका मिला तो हम स्वास्थ्य मंत्री बने और मेडिकल कॉलेज बनवाने का काम किया है। उस समय डबल इंजन की सरकार में षडयंत्र रचा गया क्योंकि लोगों को लगने लगा था कि दूसरा लालू यादव पैदा हो गया है। अगर हमारी सरकार बनती है तो मैं आपके गली में घूम-घूम कर विकास का काम करूंगा।

## हाइ टेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मानपुर।** बुनियादगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मानपुर गोलागंज रोड पर यूको बैंक के समीप रहने वाले रौशन बुक एंड स्टेशनरी दुकान के प्रोपराइटर 24 वर्षीय रौशन कुमार की मौत 11 हजार वोल्ट के करेंट वाले तार की चपेट में आने से हो गयी। इस हादसे में उसके 55 वर्षीय पिता जय प्रकाश साहू भी झुलस गये है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार की देर रात लगभग 11 बजे की बतायी जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर निगम वार्ड 48 (नियर यूको बैंक मानपुर) के पास के रहने वाले जय प्रकाश साहू का परिवार खाना खाने के बाद आराम करने वाला था। तभी एक कमरे में सांप को देखा। इसके बाद परिवार के लोगों ने उस सांप को मार डाला और अपने कमरे के बालकनी से मेरे हुए सांप को बाहर फेंक रहे थे। तभी मकान के पास से गुजरे 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में रौशन आ गया। तेज झटका देख उसके पिता जय प्रकाश उसे बचाने का प्रयास किये तो वे भी झुलस गये। संयोग अच्छा हुआ कि इस दौरान तार टूट कर जमीन पर गिर गया।

## बिहार-झारखंड सीमा पर संयुक्त छापेमारी, 22,500 किलो जावा महुआ व 1,410 लीटर शराब जब्त



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** छापेमारी दल में बिहार, झारखंड के उत्पाद विभाग के प्रतिनिधि, डोभी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक सख्ती के बीच गया व हजारीबाग जिले के मद्य निषेध विभाग की संयुक्त टीम ने बिहार झारखंड बॉर्डर के चौपारण थाना क्षेत्र के भंडार, परसातरी, भगहर, भरना, चौकी और आवातरी गांवों में शनिवार को बड़े पैमाने पर छापेमारी की। अभियान के दौरान 22,500 किलो जावा महुआ, शराब बनाने के उपकरण और अन्य कच्ची सामग्री बरामद की गयी जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वही टीम ने 1,370 लीटर महुआ शराब और 40 लीटर विदेशी शराब भी जब्त की। विभागीय अधिकारियों के अनुसार छापेमारी का उद्देश्य बिहार-झारखंड सीमा पर अवैध शराब निर्माण और तस्करी पर अंकुश लगाना है। इस अभियान में गया जिले के मद्य निषेध निरीक्षक गणेश चन्द्रा और उमेश चन्द्रा राय, सहायक अवर निरीक्षक एवं ड्रोन प्रभारी अभय कुमार, वहीं हजारीबाग उत्पाद विभाग से उत्पाद अवर निरीक्षक सुमितेश कुमार शामिल थे। ड्रोन की मदद से संदिग्ध ठिकानों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई की गयी। निरीक्षक गणेश चंद्रा ने बताया कि दोनों जिलों की टीमें भविष्य में भी इस क्षेत्र में संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान जारी रखेंगी ताकि शराब माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लगायी जा सके।

## विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल बना बच्चों ने नवाचार का बताया महत्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** डॉन बॉस्को एकेडमी में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न विज्ञान मॉडल प्रस्तुत कर नवाचार के महत्व से अवगत कराया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या मेरी अल्फोंसा ने किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुये कहा कि बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और उन्हें विज्ञान की व्यावहारिक समझ प्रदान करना है। विद्यालय के वरीय शिक्षक जोसेफ विजय, नेहा नाथ एवं जेम्स रीड के दिशा निर्देशन में बच्चों द्वारा विज्ञान के आधुनिकतम एवं उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया गया जिसमें वर्ग पांचवीं से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के उप प्राचार्य एरिक रोजारियो ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया व बच्चों द्वारा प्रदर्शित इस विज्ञान प्रदर्शनी में किये गये प्रदर्शन की प्रशंसा की।

## कल से शुरू हो रहे नामांकन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया/टिकारी।** विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। दूसरे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर 13 से 20 अक्तूबर तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। नामांकन को लेकर प्रशासनिक स्तर से पूरी तैयारी पूरी कर ली गयी है। निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम प्रवीण कुंदन द्वारा टिकारी विधानसभा का व निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसीएलआर अमेत विक्रम बेनामी द्वारा गुरुआ विधानसभा के उम्मीदवारों का नामांकन पत्र प्राप्त किया जायेगा। दोनों के लिए अलग-अलग काउंटर अनुमंडल कार्यालय में बनाये गये है। नामांकन को पारदर्शी व स्वच्छ समपन्न कराने को लेकर अनुमंडल कार्यालय व आसपास नौ जगहों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की तैनाती की गयी है। अनुमंडल प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अनुमंडल कार्यालय के मुख्य द्वार, अनुमंडल कार्यालय परिसर, गोदाम के समीप, प्रखंड कार्यालय का मुख्य द्वार, सोन शिविर के पास ड्रॉप गेट, सोन शिविर कार्यालय टिकारी में निर्मित वाहन पार्किंग स्थल। दोनों विधानसभा के नामांकन कक्ष के समीप व आश्रम के समीप मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। इसके अलावा उम्मीदवारों व उनके समर्थकों के वाहनों की पार्किंग आश्रम के समीप किया जायेगा। टिकारी विधानसभा के नामांकन कक्ष में निर्वाची पदाधिकारी के साथ नोडल पदाधिकारी सह अवर निर्वाचन पदाधिकारी के साथ सहयोगी कर्मी के रूप में 13 कर्मी प्रतिनियुक्त किये गये है। अधिकृत कर्मियों के अलावा किसी अन्य को नामांकन कक्ष में जाने की अनुमति नही रहेगी। इस बार गुरुआ विधानसभा के उम्मीदवार टिकारी अनुमंडल कार्यालय पहुंच नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। टिकारी डीसीएलआर अमेत विक्रम बेनामी को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया है। गुरुआ विधानसभा के लिए अलग से अनुमंडल कक्ष में नामांकन कक्ष बनाये गये है।

## माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 14 से, गया में शामिल होंगे 45543 अभ्यर्थी

### गया में आदर्श परीक्षा केंद्र पर दो पालियों में 16 नवंबर तक होगी ऑनलाइन परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** राज्य के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्कूलों में नियुक्ति व नियोजन की पात्रता के लिए अहम माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीइटी) 2025 का आयोजन 14 अक्तूबर से 16 नवंबर तक विभिन्न तिथियों में दो पाली में आयोजित किये जायेंगे। राज्य के पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर, मुंगेर, पूर्णियां, सहरसा व भोजपुर (आरा) में परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। गया में भी प्लस टू हरिदास सेमिनरी स्कूल परिसर में स्थित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के क्षेत्रीय कार्यालय में आदर्श परीक्षा केंद्र पर एग्जाम संचालित होंगे। गौरतलब है कि परीक्षा का आयोजन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा किया जायेगा। बेल्ट्रॉन की चयनित एजेंसी टीसीएस (आइओएन) के द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा ली जायगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डीएम को मुख्य जिला परीक्षा नियंत्रक व डीइओ को सह जिला परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। साथ ही बोर्ड ने परीक्षा संचालन को लेकर कई निर्देश भी दिये हैं। गया में भी प्लस टू हरिदास सेमिनरी स्कूल परिसर में स्थित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के क्षेत्रीय कार्यालय में आदर्श परीक्षा केंद्र पर 16 नवंबर तक दो पालियों में 45543 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रथम पाली नौ बजे से 11.30 बजे तक जिसका रिपोर्टिंग टाइम 7:30 बजे है। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दो बजे से 4:30 बजे तक होगी। दूसरी पाली के लिए रिपोर्टिंग टाइम 12:30 बजे निर्धारित है।

## 40 लोगों से 14 करोड़ रुपये की ठगी का बंटवारा करने होटल में जुटे 13 साइबर फ्रॉड गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एसटीएफ और शास्त्रीनगर थाने की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय साइबर अपराधी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। टीम ने 13 साइबर फ्रॉड को गिरफ्तार किया है। ये सभी देश के 40 लोगों से 14 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के बाद होटल में पैसे का बंटवारा करने के लिए जुटे थे। इसकी भनक पुलिस को मिली जिसके बाद एसटीएफ के साथ मिलकर खाजपुरा बेली रोड स्थित मातृ होटल एवं बैंक्वेट में छापेमारी की गयी। मौके से 13 साइबर फ्रॉड को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा पूछताछ में पता चला कि ये सभी किसी बड़े ऑनलाइन फ्रॉड की घटना को अंजाम भी देने वाले थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्तों के पास से 15 मोबाइल फोन और एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की। साइबर थाने के डीएसपी नीतीश चंद्र धारिया ने बताया कि जब्त मोबाइल की तकनीकी जांच में कई संदिग्ध बैंक खाते पाये गये जिनका एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से सत्यापन करने पर पूरे देश के विभिन्न राज्यों से करीब 40 साइबर ठगी के मामले जुड़े पाये गये। इन शिकायतों की कुल राशि लगभग 14 करोड़ 10 लाख 36 हजार 261 रुपये है। गिरफ्तार आरोपितों में कुंदन कुमार, रंजीत पासवान, अमन कुमार, विक्रांत कुमार, अनुराग वर्मा, प्रहलाद प्रभात, सन्नी कुमार, पवन कुमार, नरेन्द्र कुमार, विरेन्द्र यादव, रवि किशोर, अंकित कुमार और ऋषभ कुमार। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अपराधी टेलीग्राम चैनलों और विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को फर्जी टास्क, ऑनलाइन जॉब, क्रिप्टो-बिटक्वाइन निवेश, माइक्रो फाइनेंस से लोन दिलाने तथा गेमिंग के माध्यम से कमाई के नाम पर ठगते थे। तकनीकी जांच में यह भी खुलासा हुआ कि गिरोह का नेटवर्क कई राज्यों में फैला हुआ है और इनके अन्य साथी अब भी फरार हैं।

## जेपी जयंती पर डॉ. दिलीप जायसवाल ने दी श्रद्धांजलि

### जेपी आंदोलन से निकले लालू यादव ने जेपी को ठगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने उनके किये गए कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश के विचार, त्याग और समर्पण की भावना सदैव हमें प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने जनआंदोलन के माध्यम से लोकतंत्र की रक्षा की और भारत के राजनीतिक व सामाजिक जीवन में आदर्श की स्थापना की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा लोकनायक ने बिहार की ही नहीं, देश की राजनीति को नया आयाम दिया। उन्होंने जहां लोकतंत्र पर किए गए कुठाराघात आपातकाल को लेकर इस बिहार की धरती से ऐसे आंदोलन का सूत्रपात किया, जिसकी गूंज पूरे देश में गूंजी। उन्होंने लालू यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि दुर्भाग्यवश जेपी आंदोलन से निकले कई नेता सत्ता मिलते ही भ्रष्टाचार में डूबते चले गए और सत्ता के लिए उसी कांग्रेस की गोद में बैठ गए जिसके कुशासन से लड़ते हुए आगे बढ़े थे। उन्होंने कहा कि आज जेपी की आत्मा भी उन्हें देखकर रोती होगी। खुद को जेपी के शिष्य बताने वाले लालू यादव ने बिहार में 15 साल के अपने राज में चारा घोटाले से अलकतरा घोटाले तक भ्रष्टाचार के काले पहाड़ बनाकर जेपी के आदर्शों को कलंकित किया। उन्होंने सही अर्थों में लोकनायक को ठगा है।

## लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123वीं जयंती मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि और ग्राम निर्माण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123 वीं जयंती लोकनायक भवन, डाक बंगला चौराहा, पटना में मनाई गई। उक्त अवसर पर 'जे पी और लोकतंत्र' विषय पर प्रभाकर कुमार, अध्यक्ष, ग्राम निर्माण मंडल सह बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें बचपन बचाओ आन्दोलन के बिहार व झारखंड के समन्वयक डॉ मोख्तारूल हक, राष्ट्र सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष, इंदिरा रमन उपाध्याय, संघर्ष वाहिनी के निर्मल, ग्राम निर्माण मंडल खादी ग्रामोद्योग समिति, औरंगाबाद के मंत्री शालिग्राम मंडल, ग्राम निर्माण मंडल खादी ग्रामोद्योग समिति के व्यवस्थापक सुरेंद्र सुमन व जीव प्रसाद नारायण प्रसाद सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर जे पी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभाकर कुमार ने कहा कि सम्पूर्ण क्रान्ति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण के लोकतंत्र के संदर्भ में विचार हम सब के लिए आज भी प्रेरणास्त्रोत है और देश के विभिन्न राज्यों में जे पी के लोग लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने के लिए संघर्षरत हैं। सर्वोदय से लेकर सम्पूर्ण क्रान्ति की अवधारणा तक जे पी ने हमेशा सरकार से ज्यादा व्यवस्था परिवर्तन पर बल दिया जिसकी आज बहुत आवश्यकता है। माखनलाल दास, मंत्री, बिहार स्टेट गांधी स्मारक निधि के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

## अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन द्वारा सर सैय्यद डे का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, पटना, महान शिक्षाविद, दूरदर्शी सुधारक और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैय्यद अहमद खां की जयंती 17 अक्टूबर 2025 को समारोहपूर्वक मनाएगा। सर सैय्यद का शिक्षा, तर्क और सामाजिक सुधार का शाश्वत संदेश पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। यह दिन केवल स्मरण का नहीं बल्कि उनके मिशन को आगे बढ़ाने और एक शिक्षित, प्रगतिशील और एकजुट समाज के निर्माण के प्रति नवा संकल्प का प्रतीक है। कार्यक्रम का आयोजन 17 अक्टूबर को अभिलेख भवन सभागार, नियर बीपीएससी कार्यालय, बेली रोड, पटना में शाम पांच बजे से होगा। कार्यक्रम में विशेष तौर पर मोनो एक्ट नाटक-सर सैय्यद अहमद खां के जीवन और शैक्षिक दर्शन, निर्देशितः डॉ. सईद आलम, अभिनय-वरिष्ठ पत्रकार और कलाकार तहसीन मुनावर होंगे जबकि सांस्कृतिक प्रस्तुति-सर सैय्यद लिटरेसी स्कूल के छात्रों द्वारा किया जायेगा। मौके पर प्रेरणादायक संबोधन वरिष्ठ अलीग, शिक्षाविद और विशिष्ट अतिथि द्वारा किया जाएगा। एएमयू ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन पटना ने सभी अलीगों, शिक्षाविदों, छात्रों और शुभचिंतकों से अनुरोध किया है कि आयोजन में भाग लेकर सर सैय्यद के मिशन को आगे बढ़ाने में सहयोग करें।

## 44वां इंटर स्कूल लोक नृत्य प्रतियोगिता अपार उत्साह के साथ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा आयोजित 44वां इंटर स्कूल लोक नृत्य प्रतियोगिता बापू सभागार, पटना में अपार उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष की थीम 'प्रेरणादायक पौराणिक कथाएं' रही जिसके अंतर्गत प्रतिभागियों ने भारतीय पौराणिक कथाओं से प्रेरित रंगारंग प्रस्तुतियों द्वारा दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. विजय लक्ष्मी, भाप्रसे तथा विशिष्ट अतिथि अखण्ड ज्योति हॉस्पिटल के चीफ ग्रोथ ऑफिसर बी आई कैथरीन और नटराज स्टोन के ए.के.पी. सिन्हा एवं रेनु सिन्हा ने अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों-जूनियर फोक डांस, सीनियर फोक डांस और थीमैटिक डांस में आयोजित की गई। लगभग 18 विद्यालयों के 800 छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपराओं को अपने नृत्य से जीवंत कर दिया।

दोपहर 1 बजे से रात 9 बजे तक चले इस आयोजन में दर्शकों ने हर प्रस्तुति का तालियों से स्वागत किया और पूरा सभागार भारतीय संस्कृति के रंगों में रंग गया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संजय भरतिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि रोटरी पाटलिपुत्र पिछले 44 वर्षों से इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में भारतीय लोक-संस्कृति के प्रति प्रेम और गर्व का भाव विकसित कर रहा है। चेयरमैन रोटेरियन संदीप सर्राफ, प्रेम मित्तल तथा संयोजक रोटेरियन अनिल रितोलिया, अशोक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष स्वाति मोदी और नंद किशोर अग्रवाल ने आयोजन की सफलता का श्रेय क्लब सदस्यों के सामूहिक सहयोग को दिया।

## नौका यान टीम का खुसरूपुर में भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार नेवल यूनिट एनसीसी पटना की नौकायान टीम पटना के गांधी घाट से नौकायान करते हुए अपने प्रथम पड़ाव स्थल खुसरूपुर पहुंची। यहां टीम के सभी सदस्यों का भव्य स्वागत किया गया। नौका अभियान टीम में भाग ले रहे सभी कैडेट्स को खुसरूपुर से सड़कमार्ग से नालंदा विश्वविद्यालय का दर्शन कराया गया। इस दौरान सभी कैडेट्स प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय का भ्रमण कर इतिहास की बारीकी को समझा। इस अवसर पर उपस्थित नौका दल के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय भारत की सांस्कृतिक विरासत है। हमें अपनी विरासत पर जश्न मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे अपने कैडेटों पर बहुत गर्व है, जो न केवल अपने कौशल को निखार रहे हैं, बल्कि सांस्कृतिक प्रचार में अपने प्रयासों के माध्यम से समाज में सार्थक योगदान भी दे रहे हैं। यह नौका अभियान कैडेट इस यात्रा पर गंगा की रक्षा करने और इसकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए गंगा के किनारे सभी समुदायों को प्रेरित करते हुए निरंतर अपने अगले गंतव्य की ओर बढ़ रहा है।

## एसटीइटी एडमिट कार्ड जारी, 14 अक्तूबर से शुरू होगी परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीइटी) का एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। एडमिट कार्ड को अपलोड कर दिया गया है। शनिवार को समिति की वेबसाइट पर जाकर इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

## निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्राचार्य ने छात्रा को दी बधाई

### एमयू में मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में जीबीएम कॉलेज की छात्राओं ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** जीबीएम कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं ने एमयू के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ सीमा पटेल ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा साधना प्रिया को शुभकामनाएं दीं। नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति के लिए छात्रा वैष्णवी कुमारी, कुमारी हर्षिता, साधना प्रिया, अनन्या, खुशी, काजल, श्वेता, लक्ष्मी, सोनी, नंदनी, सुजाता व प्रियंका की भी सराहना की। एमयू में छात्राओं को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रा अनन्या, वंदना भारती, खुशी, काजल व याशफा द्वारा बनाये गये पोस्टर्स की भी सराहना हुई। छात्राओं ने समाज में विभिन्न विपरीत चुनौतियों के मध्य मानसिक स्वास्थ्य को कैसे ठीक रखा जाये, मानसिक तनाव के कारण और निवारण व अन्य ज्वलंत विषयों पर पोस्टर्स बनाये थे। छात्राएं मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रीति शेखर के नेतृत्व में एमयू गयी थीं। कॉलेज की पीआरओ डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि प्राचार्य डॉ पटेल ने मनोविज्ञान विभाग सहित पूरे कॉलेज परिवार को बधाइयां देते हुए कहा कि हम सभी की यह कामना है कि जीबीएम कॉलेज की छात्राएं सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरायें। डॉ पटेल ने शीघ्र ही कॉलेज में अलुमनाई मीट के आयोजन करने की भी बात कही।

## लोकनायक जयंती समारोह संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आजादी के आंदोलन के नायक सर्वोदयी तथा संपूर्ण क्रांति आंदोलन के प्रणेता लोक नायक जयप्रकाश नारायण के 123 वीं जयंती के अवसर पर बिहार सर्वोदय मंडल, बिहार नशाबंदी परिषद, लोक समिति के संयुक्त तत्वावधान में सर्वोदय भवन आदिवासी कॉलोनी पटना में 9 बजे से एक सेमिनार का आयोजन चंद्र भूषण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सेमिनार को संबोधित करते हुए बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण ने कहा कि आजादी के आंदोलन के दौरान 1942 में हजारीबाग जेल से भागकर उन्होंने भूमिगत होकर आजादी के आंदोलन को सहयोग किया। सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार ने ऑनलाइन संबोधित करते हुए बताया कि1944 में जब जे पी 42 वर्ष के थे तो उनका गांधी मैदान पटना में नागरिक अभिनंदन किया गया था। बिहार सर्वोदय मंडल के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि 18 मार्च 1974 को बिहार विधान सभा पटना के समक्ष युवाओं के एक प्रदर्शन में सरकार के द्वारा गोली चलाई गई थी,उसी दिन जे पी ने इसे सरकार की दमनकारी व्यवहार पर चिंता प्रकट की थी और उसके बाद ही बिहार आंदोलन की शुरूआत जे पी के नेतृत्व में शुरू हुई और देश की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंका गया।

# स्वच्छ व निष्पक्ष नामांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने को लेकर बैठक

## पूरी नामांकन प्रक्रिया में सीसीटीवी कैमरा संचालित रखें : डीएम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। 11 अक्टूबर 2025 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ, समाहरणालय नवादा में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर प्रत्याशियों का नामांकन की तैयारीयों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बिहार विधानसभा निर्वाचन, 2025 के लिए स्वच्छ, पारदर्शी एवं सुचारु नामांकन प्रक्रिया की तैयारी की समीक्षा एवं दिशा-निर्देश दिया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया निर्वाचन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसमें निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता का पालन अनिवार्य है। उन्होंने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि नामांकन स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों हेतु मार्गदर्शन काउंटर, सहायता डेस्क, वीडियो रिकॉर्डिंग व्यवस्था आदि पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नामांकन पत्रों की जांच पूरी सतर्कता एवं विधिसम्मत तरीके से की जाए ताकि किसी प्रकार की त्रुटि या विवाद की संभावना न रहे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक गतिविधि का वीडियोग्राफिक दस्तावेजीकरण किया जाए और आयोग के निर्देशानुसार ऑनलाइन रिपोर्टिंग सिस्टम में प्रतिदिन की प्रगति दर्ज की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि निर्वाचन क्षेत्रवार नामांकन केंद्रों की स्वच्छता, आवागमन की व्यवस्था, शीतल पेयजल, चिकित्सा सुविधा, प्रतीक्षालय इत्यादि का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि अभ्यर्थियों एवं आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि पूरी नामांकन प्रक्रिया में सीसीटीवी कैमरा संचालित रखें। मजिस्ट्रेट एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। नामांकन के चयनित स्थान पर दो डिजिटल घड़ी लगाने का निर्देश दिया गया एवं उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा एवं डिजिटल घड़ी का समय बराबर हो साथ ही माइक सिस्टम का भी लगाने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अंत में कहा कि सभी अधिकारी आचार संहिता के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करते हुए निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्यों का संपादन करें, ताकि नवादा जिला एक बार फिर शांतिपूर्ण एवं आदर्श चुनाव संचालन का उदाहरण प्रस्तुत कर सके। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी गोविंदपुर सह उप विकास आयुक्त नवादा, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी हिसुआ सह अपर समाहर्ता नवादा, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नवादा सह अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रजौली सह अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी वारिसलीगंज सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता नवादा एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने की अलग-अलग 16 मामलों की सुनवाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा 16 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें से कुछ मामलों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा किया गया तथा कुछ मामलों में निवारण हेतु संबंधित लोक प्राधिकार के पदाधिकारियों को आवश्यक आदेश दिए गये। बिहारशरीफ अंचल अंतर्गत परिवादी जय प्रमोद कुमार वर्मा द्वारा दर्ज शिकायत परिमार्जन से संबंधित, बेन अंचल अंतर्गत परिवादी सुबोध प्रसाद द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण मुक्त करने से संबंधित, हिलसा प्रखंड अंतर्गत परिवादी गोपाल शरण सिंह द्वारा दर्ज शिकायत नाला एवं गली को पीसीसी निर्माण कराने से संबंधित, परिवादी रविनंदन कुमार द्वारा दर्ज शिकायत बिजली बिल सुधार करने से संबंधित, परिवादी विनोद यादव द्वारा दर्ज शिकायत जबरन खेती करने से संबंधित, राजगीर अंचल अंतर्गत परिवादी परमेंद्र उपाध्याय द्वारा दर्ज शिकायत चहारदीवारी तोड़कर दखल कब्जा करने से संबंधित, सिलाव अंचल अंतर्गत परिवादी भागवत कुमार द्वारा दर्ज शिकायत ऑनलाइन रसीद निर्गत करने से संबंधित मामलो का डीएम ने निस्पादन किया। इसी तरह परिवादी राजू कुमार द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण मुक्त करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी द्वारा निष्पादन हेतु सुनवाई कि तिथि को आगे अग्रसारित किया गया। परिवादी अमित कुमार द्वारा दर्ज शिकायत रैयती जमीन को गैर मजरूआ जमीन बताने से संबंधित समस्या को डीएम ने निष्पादन हेतु सुनवाई कि तिथि को आगे अग्रसारित की। राजगीर अंचल अंतर्गत परिवादी साध्वी बिमल दाशी द्वारा दर्ज शिकायत वंशावली नहीं बनाने से संबंधित,परिवादी द्वारा दर्ज शिकायत मन्दिर का बाउन्ड्रीवाल चाहरदीवारी राज्य सरकार द्वारा कराये जाने से संबंधित, ध्व्नपरिवादी अनंत कुमार सिंह द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण नहीं हटाने से संबंधित मामलो का डीएम ने निष्पादन किया।

## एक नजर

### अंचल कार्यालय में जनता दरबार आयोजित

**कौआकोल**। शनिवार को अंचल कार्यालय कौआकोल में आयोजित जनता दरबार में मात्र एक मामला प्राप्त हुए। जिसका सीओ ने ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया। सीओ मनीष कुमार ने बताया कि भूमि विवाद के निराकरण को लेकर प्रत्यके शनिवार को कौआकोल थानाध्यक्ष के साथ जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस शनिवार को लगने वाले जनता दरबार में मात्र एक मामला प्राप्त हुए। जिसका दोनों पक्षों की मौजूदगी में सुनवाई करते हुए निष्पादन कर दिए गए। मौके पर राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,राजस्व कर्मचारी आदि मौजूद थे।

### भाजपा कार्यालय में मनी लोक नायक की जयंती




**नवादा**। भाजपा कार्यालय मे महान स्वतंत्रता सेनानी, 'संपूर्ण क्रांति' के उद्घोषक, भारत रत्न, "लोकनायक" जयप्रकाश_नारायण की जयंती पर कार्यकर्ताओ ने उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके महान व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन किया। इस मौके पर जिला महामंत्री अरविन्द गुप्ता ने कहा की आपातकाल के दौरान, जयप्रकाश नारायण ने देश की लोकतांत्रिक चेतना को जागृत किया और लोकतंत्र की पुनर्स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण के आदर्श पीढ़ियों को लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और राष्ट्रीय प्रगति के लिए कार्य करने में प्रेरित करते रहेंगे।ज़िला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा ने कहा की लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचार में संपूर्ण क्रांति की तपिश इतनी थी कि केन्द्र में कांग्रेस को सत्ता से हाथ धोना पड़ गया था। कांग्रेस द्वारा देश में लागू आपातकाल को जेपी ने समाप्त कर दिया था। इस मौके पर ज़िला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार,सह कोषाध्यक्ष तरुण राजवंशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, मंडल अध्यक्ष गरीवन महतो,जयराम महतो,अजय वर्मा, संदीप महतो, राहुल चन्द्रवंशी,एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### ब्लॉक में जा रहा है रानीबाजार के गंदे नाली का पानी



**कौआकोल**। कादिरगंज भाया खैरा एसएच-82 पथ निर्माण कार्य कर रही कम्पनी की मनमानी के कारण रानीबाजार गांव में आज तक नाला का निर्माण नहीं किया जा सका है। जिससे पूरे गांव के पानी का जमाव ब्लॉक मुख्यालय में हो रहा है, जिससे लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पानी के जलजमाव से बीमारी फैलने की संभावना प्रबल होती जा रही है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी हमेशा ब्लॉक मुख्यालय में जमा रहता है। जिससे लोगों को संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका सता रही है। लोगों के घरों के शौचालय का पानी भी ब्लॉक में ही गिर रहा है। नाला का निर्माण नहीं होने से बाजार की भी स्थिति नारकीय बनी हुई है। लोगों को अपने घरों के सामने जमा कीचड़ खुद ही साफ करना पड़ता है। ग्रामीणों की माने तो गंदगी से निजात दिलाने के लिए उन लोगों ने कई बार सड़क बनाने वाली कम्पनी से मिलकर नाला बनाने की मांग की हैं। लेकिन अभी तक नाला का निर्माण नहीं कराया जा सका है। वहीं कौआकोल ब्लॉक में रहने वाले अधिकारी का भी ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है,जिससे स्थिति गम्भीर बनती जा रही है।

### सोखोदेवरा आश्रम में मनी लोकनायक की जयंती



**कौआकोल**। प्रखण्ड के सोखोदेवरा गांव अवस्थित जेपी आश्रम में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार के नेतृत्व में आश्रमवासियों ने जयप्रकाश नारायण के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए और उन्हें राजनीति का आदर्श पुरुष बताया। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि जयप्रकाश नारायण एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे। देश की आजादी की लड़ाई से लेकर वर्ष 1977 तक के विभिन्न आंदोलनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के विरोध के लिए भी जाना जाता था, जिसके कारण उनके आंदोलन से इंदिरा गांधी के हाथ से सत्ता तक छिन गई थी। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने भारतीय जनमानस पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। उनका समाजवाद का नारा आज भी प्रासंगिक है। जयप्रकाश जी का मानना था कि यदि मानवता को पूंजी और सत्ता की हिंसा से मुक्ति दिलानी है,तो समाजवाद लाना होगा। उनके क्रांतिकारी विचार समाजवादियों को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। मौके पर ग्राम निर्माण मण्डल एवं कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मी मौजूद थे।

### मतदाता जागरुकता को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता गतिविधि का आयोजन किया गया। इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा, राजकीय बुनियादी विद्यालय बरौन बाजितपुर में प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भोरमबाग में प्रभारी प्रधानाध्यापक दिवाकर प्रसाद की देखरेख में छात्र-छात्राओं के बीच मेहंदी,चित्रकला,पेंटिंग, रंगोली और प्रभात फेरी आदि कार्यक्रम आयेजित किये गए। इस दौरान बच्चों को अपने अपने घरों में जाकर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने की अपील किया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिका मौजूद थे।

# चुनाव को लेकर डीडीसी ने की समीक्षा बैठक
## मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जुटाने पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जिला प्रशासन नालंदा की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर की अध्यक्षता में शुक्रवार को सेक्टर पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी मतदान केंद्रों पर एएमएफ कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना था। बैठक में मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, रैंप, फर्नीचर, पेंटिंग, स्वच्छता और दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधाओं की उपलब्धता तथा पहुंच पथ की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। डीडीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं हर मतदान केंद्र पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कार्यों की समयबद्ध पूर्णता एवं गुणवत्ता पर विशेष बल दिया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई मतदान केंद्रों पर शौचालय निर्माण, रंग-रोगन और विद्युत आपूर्ति से जुड़े कार्य अभी प्रगति पर हैं। इस पर संबंधित पदाधिकारियों को अविलंब सभी लंबित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। स्थानीय निकायों को मतदान केंद्रों की नियमित सफाई, स्वच्छ पेयजल और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए। साथ ही, सभी कार्यों की निगरानी के लिए एक विशेष एएमएफ मॉनिटरिंग टीम का गठन किया गया है, जो समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। बैठक में बताया गया कि सेक्टर पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों द्वारा सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन पूरा कर लिया गया है। जिला प्रशासन नालंदा ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे लोकतंत्र के इस पर्व में सक्रिय भागीदारी निभाएं और मतदान के दिन निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

### मध्य विद्यालय पंडपा में मना बालिका दिवस

**नारदीगंज, नवादा**। प्रखंड के मध्य विद्यालय पंडपा, नारदीगंज में शनिवार को बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की लगभग 140 बालिकाओं ने सक्रिय रुप से भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सशक्त बनाना था। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिलाओं के अधिकार, स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता (हैंडवॉश हाइजीन) तथा मासिक धर्म के समय स्वच्छ रहने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें वीडियो एवं संवाद के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार हम स्वच्छता अपनाकर स्वस्थ्य जीवन जी सकते हैं। कार्यक्रम में "समानता का अधिकार" विषय पर चर्चा की गई। जिसमें बालिकाओं को राजनीतिक अधिकारों, विशेष रूप से मतदान के अधिकार के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही आगामी चुनाव के दौरान अपने आस-पास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का संदेश भी दिया गया।

# डीएम व एसपी ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा

**डीएम–एसपी ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान को लेकर दिए सख्त निर्देश**




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को सफल, शांतिपूर्ण, भयमुक्त और निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–डीएम कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय सभी कोषांगों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में डीएम ने निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी संबंधित कोषांगों के पदाधिकारियों को अपने कार्यों में तेजी लाने और निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव एक संवैधानिक दायित्व है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में विशेष रूप से ईवीएम–वीवीपैट प्रबंधन, सशक्त मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप), परिवहन, कार्मिक, मतगणना, नियंत्रण कक्ष, संचार, ऑब्जर्वर कोषांग, वेबकास्टिंग, सुरक्षा, माइक्रो ऑब्जर्वर, मीडिया कोषांग, रिसीविंग सेंटर, डिस्पैच सेंटर, सी–विजिल, सोशल मीडिया और कॉल सेंटर 1950 सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रकोष्ठों की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि सभी कोषांगों के बीच बेहतर समन्वय और समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। पोलिंग पार्टियों के प्रशिक्षण के दौरान 17C प्रपत्र के वितरण और मतदान अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर, वीटीआर की शुद्धता के लिए सीयू डाटा से मिलान, इसीआइ नेट ऐप पर अपलोडिंग, मॉक पोल क्लियरेंस, वेबकास्टिंग और मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी की व्यवस्था को विशेष रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ईवीएम कमिश्निंग, रैंडमाइजेशन, स्ट्रॉन्ग रूम की तैयारी, डिस्पैच सेंटर की सुरक्षा और मतदान कर्मियों के साथ पुलिस बल की टैगिंग समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर आयुक्त, सहायक समाहर्ता, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सहित सभी वरीय अधिकारी और

# स्वीप आइकॉन ने चौपाल के माध्यम से महिलाओं को किया जागरूक




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्वीप आइकॉन डॉ.आशुतोष कुमार मानव ने हिलसा प्रखंड के नौगढ़ गांव में महिला मतदाताओं के बीच चौपाल का आयोजन कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया। इस जागरुकता चौपाल का विशेष फोकस उन मतदान केंद्रों पर था जहां पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहा था। डॉ. मानव ने जीविका से जुड़ी दीदियों और अन्य ग्रामीण महिलाओं से संवाद स्थापित करते हुए आगामी 6 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में उत्साहपूर्वक मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वोट अत्यंत मूल्यवान है, इसलिए सभी मतदाता समय पर मतदान केंद्र पहुंचें और ईवीएम पर बटन दबाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे स्वयं के साथ अपने परिजनों और पड़ोसियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें, ताकि इस बार शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके। डॉ. मानव ने बताया कि यदि किसी मतदाता को किसी भी प्रकार की जानकारी चाहिए तो वे निःशुल्क टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि धर्म, जाति, लोभ या किसी प्रकार के प्रलोभन से ऊपर उठकर सोच-समझकर मतदान करें और अपने वोट से मनपसंद सरकार चुनें, जिससे लोकतंत्र और अधिक सशक्त बने। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिला मतदाताओं ने कई सवाल पूछे, जिनका डॉ. मानव ने विस्तार से जवाब दिया।

# दो दिवसीय मड़ही मेला का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल के पाण्डेय गंगौट गांव स्थित मड़ही में वारिस पिया के अनुयायी व महान सूफी संत बाबू पंचवदन सिंह उर्फ श्री श्री 1008 महंथबाबा के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव पूजा समारोह के समापन के बाद शनिवार को ग्रामीणों एवं पूजा समिति द्वारा अतिथियों एवं साधु-संतों की ससम्मान विदाई की गई। गुरुवार की देर रात्रि से आयोजित महंत बाबा की दो दिवसीय इस पूजा समारोह में देवाशरीफ समेत विभिन्न प्रदेशों से वारसी मत एवं विभिन्न धर्म सम्प्रदाय के साधु-संत एवं अतिथिगण शामिल होने पहुंचे थे। पूजा समारोह के दरम्यान मन्नतें पूरी होने पर दूर दराज व विभिन्न प्रदेशों से आये श्रद्धालुओं द्वारा चादरपोशी एवं प्रसादी चढ़ाने का सिलसिला दो दिनों तक अनवरत रूप से चलता रहा। वहीं इस दरम्यान काफी संख्या में लोग अपनी मन्नतें मांगने के लिए कतारवद्ध होकर महंथबाबा की अराधना में लगे रहे। हर कोई बारी बारी से महंथबाबा की समाधि पर माथा टेक मन्नतें मांगी। पूजा व चादरपोशी तथा मन्नतें छुड़ाने वालों की भी दो दिनों तक भीड़ लगी रही। इस दौरान लोगों के मनोरंजन के लिए कव्वाली, सूफी भजन, भक्ति गीत संगीत, नाटक आदि कार्यक्रम का दौर चलता रहा। बच्चों के मनोरंजन के लिए मेला परिसर में झूला आदि भी लगाए गए। जबकि लजीज व्यंजनों की दुकानें भी लगाई गई थी।

# जनता दरबार में पहुंचे मामलों का ऑन-स्पॉट निष्पादन

## रैयती जमीनी विवाद के निराकरण को लेकर थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रजौली**। मुख्यालय स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शनिवार को अंचलाधिकारी के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस मौके पर राजस्व कर्मचारी सुजीत कुमार व राहुल राज के अलावे अंचल नाजिर शिव शंकर कुमार भी मौजूद रहे। अंचलाधिकारी ने बताया कि बीते 20 सितंबर से पूर्व प्रत्येक शनिवार को रैयती जमीनी विवाद के निराकरण को लेकर थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया जाता था। किंतु विभागीय आदेश के बाद अब प्रत्येक शनिवार को अंचल कार्यालय परिसर में ही जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस बार अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में रजौली क्षेत्र के अमावां,काजीचक एवं सबलपुर चोरनो गांव से जमीन संबंधी कुल पांच मामले आए थे,जिसमें अमावां गांव निवासी अजय कुमार सिंह का विवाद मुन्नी सिंह मुकुल व राम कुमार शर्मा,अमावां गांव निवासी केदार सिंह का विवाद कन्हैया कुमार,काजीचक गांव निवासी अजय कुमार सिंह का विवाद सुरेन्द्र प्रसाद एवं सबलपुर चोरनो गांव निवासी सेमफुलवा देवी का विवाद हरि यादव के साथ था। अंचलाधिकारी ने कहा कि सभी पांचों मामलों में दोनों पक्षों की मौजूदगी में मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। अंचलाधिकारी ने आमलोगों से अपील किया कि वे जमीन विवाद को लेकर आपस में लड़ाई-झगड़ा नहीं करें,बल्कि अंचल कार्यालय में आयोजित होने वाले जनता दरबार में आकर विवादों का निराकरण करवाएं। इस मौके पर अंचल गार्ड समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# संपूर्ण क्रांति के वाहक जेपी की मनी जयंती



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जेपी सेनानी संपूर्ण क्रांति मंच के तत्वावधान में संपूर्ण क्रांति के वाहक लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। नवादा जिला मुख्यालय के पातालपुरी में स्थित जिला कार्यालय में शनिवार को मंच के जिलाध्यक्ष राजेंद्र विशाल की अध्यक्षता में आयोजित जेपी जयंती समारोह में आंदोलन से जुड़े कई आंदोलनकारियों ने शिरकत कर जेपी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं संपूर्ण क्रांति के नारों को बुलंद करते हुए जेपी के आदर्शों को अपने व्यवहारिक जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंच द्वारा एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर नवादा जिला मुख्यालय के सरकारी बस पड़ाव के समीप सरकार व प्रशासन द्वारा 1977 में स्थापित जेपी उद्यान का कायाकल्प करते हुए उद्यान में जेपी उद्यान का बोर्ड लगा पुराने गौरव को पुनः प्रतिष्ठित किये जाने की दिशा में अविलंब समुचित कार्रवाई का आग्रह जिला प्रशासन से किया गया।

# जंयती पर जदयू कार्यालय में याद किये गये लोकनायक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय कर्पूरी सभागार नवादा में पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी जी के अध्यक्षता में लोकनायक जयप्रकाश का जयंती मनाया गया। जयंती समारोह के अवसर पर पार्टी के साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकनायक जी का जन्म 18 अक्टूबर 1902 को सिताब दियारा जिला छपरा बिहार जो अब बलिया उत्तरप्रदेश में स्थित है। उनके माता का नाम फूल रानी तथा पिता का नाम हरसु दयाल श्रीवास्तव थे। लोकनायक जी का उच्च शिक्षा ओहायो विश्वविद्यालय से प्राप्त किया । भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनेता थे । सन 1970 में इंदिरा गांधी को पराजित करने वाले नेता के रूप में जाने जाते हैं। इंदिरा गांधी जी को पदच्युत करने के लिए संपूर्ण क्रांति आंदोलन चलाने का काम किया। लोकनायक जयप्रकाश जी भय, भूख,भ्रष्टाचार आंदोलन को लेकर पूरे देश के नौजवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पटना के ऐतिहासिक हवाई अड्डा का नाम तथा दिल्ली के सबसे बड़े अस्पताल का नाम लोकनायक जयप्रकाश जी के नाम पर रखा गया है। लोकनायक जी को 1965 मेंगसेस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मरणोपरांत 1998 में लोकनायक जी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। जयंती के अवसर पर हरि कृपाल, जय शंकर चंद्रवंशी, शशि कुमार शेष, राजेंद्र प्रसाद ज्योति, डॉक्टर रियाज खान, निजाम कल्लू, शिव वालक चौहान, किशोरी प्रसाद, प्रिंस प्रभात डांगी, संदीप कुमार चुन्नू सहित अन्य ने लोकनायक जयप्रकाश जी के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# विस चुनाव को लेकर उत्पाद विभाग अलर्ट मोड में

## शराब का शौकीन युवक चढ़ा उत्पाद बल के हत्थे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने शनिवार की सुबह रांची से पटना जा रहे एक बस पर सवार युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी से लेकर बड़ी वाहनों की सघन जांच किया जा रहा है,जिसका नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। वहीं बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर उत्पाद बलों को अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि शराब या कोई भी नशीला पदार्थ की खेप बिहार प्रवेश नहीं कर सके। शनिवार की सुबह उत्पाद एएसआई धर्मेंद्र कुमार ने रांची से पटना जा रही एक यात्री बस की जांच की। जांच के दौरान बस में सवार रहे एक युवक के पास रहे एक बैग में छिपाकर ले जा रहे पांच बोतल शराब को बरामद किया गया। साथ ही युवक को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार युवक की पहचान मधुबनी निवासी छेदी लाल यादव के 40 वर्षीय पुत्र अधिक लाल यादव के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बरामद शराब एवं गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार युवक को शनिवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले 29 लोगों को हिरासत में लिया गया,जिसमें दो लोग दुबारा शराब पीकर पकड़ाए थे। सभी शराबियों को शनिवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां पहली बार शराब के नशे में गिरफ्तार लोगों ने जुर्माना भर अपने-अपने घर चले गए। वहीं दुबारा शराब पीकर गिरफ्तार हुए दोनों लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# डीएम-एसएसपी ने किया इवीएम कमीशनिंग व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी (गया)।** गया बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी शशांक शुभंकर तथा वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार द्वारा शेरघाटी, इमामगंज एवं बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर, इवीएम कमीशनिंग, इवीएम सीलिंग एवं स्ट्रॉन्ग रूम स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच सेंटर की संपूर्ण संरचना, यातायात नियंत्रण, पोलिंग पार्टी प्रेषण प्रक्रिया, वाहन पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी तैयारियां निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थित, सुरक्षित एवं पारदर्शी ढंग से पूरी की जाएं। डीएम ने बताया कि शेरघाटी विधानसभा के लिए एस.एम.एस.जी. कॉलेज जबकि इमामगंज विधानसभा के लिए रंगलाल हाई स्कूल शेरघाटी में इवीएम कमीशनिंग, डिस्पैच, सीलिंग एवं वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र पर पोलिंग पार्टी मिलान पंडाल, भोजन-पेयजल सुविधा, शौचालय, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी एवं सुरक्षा बलों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा डिस्पैच सेंटर निर्वाचन प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु है जहां से प्रत्येक मतदान दल अपने कर्तव्यों के लिए प्रस्थान करता है। अतः यहां की हर व्यवस्था पूर्णतः सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने सभी कोषांग प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपनी तैयारियों की अद्यतन रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करें। इसके पश्चात डीएम एवं एसएसपी ने शेरघाटी अनुमंडल कार्यालय परिसर में बनाए गए नामांकन केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शेरघाटी, इमामगंज एवं बाराचट्टी विधानसभा के लिए अलग-अलग नॉमिनेशन केंद्र बनाए गए हैं जहां अभ्यर्थी अपने नामांकन दाखिल करेंगे। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक केंद्र पर हेल्प डेस्क, सीसीटीवी व्यवस्था, ट्रैफिक प्लान एवं वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला पदाधिकारी ने वाहनों के लिए अलग पार्किंग क्षेत्र, पेयजल, शेड, बिजली, टॉयलेट एवं फ्यूल टैंकर के माध्यम से ईंधन आपूर्ति की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी वाहन को पेट्रोल टंकी तक जाने की अनुमति न दी जाए, ताकि ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न न हो। अंत में डीएम ने शेरघाटी अनुमंडल कार्यालय में बने सिंगल विंडो कक्ष का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वहां प्राप्त सभी आवेदन जिला व्यय कोषांग को समय पर अवगत कराए जाएं। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, सहायक समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी, अपर समाहर्ता विभागीय जांच सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# ट्रेन से कटकर महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रौना गुमटी के पास शनिवार की सुबह करीब 8 बजे ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान कोंच थाना क्षेत्र के दिग्घी गांव निवासी विनोद मिश्रा की पत्नी पुष्पा देवी (उम्र लगभग 40 वर्ष) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार पुष्पा देवी शनिवार की सुबह गुरारू से पैसेंजर ट्रेन द्वारा रफीगंज जा रही थीं। इसी दौरान रौना गुमटी के समीप ट्रेन से गिर जाने के कारण घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। साथ ही रेलवे प्रशासन को भी इसकी जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया गया तथा पोस्टमार्टम के लिए गया मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला सुबह के समय रेल पटरी के आसपास दिखाई दी थी जिसके कुछ देर बाद हादसा हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि रौना गुमटी के पास इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। कुछ दिनों के अंतराल पर यहां किसी न किसी व्यक्ति की मौत या शव बरामद होने से यह स्थल चर्चा का विषय बना हुआ है।

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचार आज भी प्रेरणास्त्रोत : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गया नगर क्षेत्र के जेपी झरना स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण न केवल बिहार बल्कि पूरे भारतवर्ष के गौरव थे। अपने आदर्श, त्याग और साहस से उन्होंने राजनीति को नई दिशा दी और संपूर्ण क्रांति का नारा देकर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन का आह्वान किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जयप्रकाश नारायण हमेशा लोकतंत्र की मजबूती, भ्रष्टाचार के विरोध और जनहित के पक्षधर रहे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उन्होंने सर्वोदय आंदोलन के माध्यम से समाज सेवा को प्राथमिकता दी। 1970 के दशक में जब देश में भ्रष्टाचार और अन्याय बढ़ा, तब उन्होंने युवाओं और जनता को संगठित कर संपूर्ण क्रांति का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 1974 का बिहार आंदोलन देशव्यापी जनआंदोलन बना जिसने 1975 के आपातकाल के विरोध को जन्म दिया और अंततः लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता पार्टी सरकार की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वे स्वयं उस आंदोलन के दौरान छात्र नेता के रूप में जेल गए थे। उन्होंने टिप्पणी की कि आज सत्ता के लोभ में कांग्रेस और राजद जयप्रकाश नारायण के नाम का केवल राजनीतिक उपयोग कर रहे हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि लोकनायक का जीवन सादगी, सत्य और सेवा का प्रतीक था। उन्होंने युवाओं को राजनीति में नैतिकता, पारदर्शिता और जनसेवा का मार्ग दिखाया। बिहार की धरती को गर्व है कि उसने ऐसा युगपुरुष जन्म दिया जिसने राजनीति को जनता के अधिकारों और सामाजिक न्याय की दिशा में अग्रसर किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती हम सभी के लिए प्रेरणा का दिवस है। यह स्मरण कराती है कि सच्चा जननेता वही होता है जो समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता करे और उसके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहे। कार्यक्रम में प्रेम सागर, पप्पू चंद्रवंशी, सुनील सिन्हा, सुधीर सिन्हा, राम पुकार सिंह, विनय सिंह, गोपाल चंद्रवंशी, राकेश सिंह, सुशील पासवान, रूबी बॉस, नरेश चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, दीपू, वेद प्रकाश, धीरू सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# स्वीप अभियान के सफल आयोजन हेतु पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में बिहार विधान सभा आम चुनाव 2025 के अवसर पर सभी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप अभियान के सफल आयोजन हेतु संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि 40% से कम मतदान वाले चिन्हित सभी मतदान केंद्रों पर व्यापक रूप से आईसीडीएस/शिक्षा विभाग/जीविका दीदी मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर आम जन को मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी निजी एवं सरकारी महाविद्यालयों/ शैक्षणिक संस्थाओं में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर नए वोटर्स को मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। साथ ही बच्चों द्वारा उनके माता-पिता/ पेरेंट्स को मतदान करने हेतु संकल्प पत्र भी प्राप्त करेंगे। साइकिल रैली/ रैली/मेहंदी/ रंगोली/ मानव श्रृंखला/प्रभातफेरी, चौपाल के माध्यम से आम मतदाता को संबंधित विभाग मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिव्यांग जनों की रैली निकालकर मतदाता को जागरूक करें। साथ ही चिन्हित व्योवृद्धि मतदाता को सम्मानित करें। एनसीसी/ स्काउट गाइड/ एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता को मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। कम प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों को चिन्हित कर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सेविका, सहायिका एवं जीविका दीदी हर घर दस्तक कार्यक्रम के तहत आमजन को मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर वरीय प्रभारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, डीपीएम जीविका आदि उपस्थित थे।

# कोंच में नए बीपीआरओ अभिषेक कुमार ने संभाला पदभार, पंचायत सचिवों संग की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड में नए प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) के रूप में अभिषेक कुमार ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। स्थानांतरित अधिकारी के बाद उन्होंने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में सभी पंचायत सचिवों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने एक-दूसरे से परिचय प्राप्त किया और पंचायतों में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बीपीआरओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करना सभी की जिम्मेदारी है। क्षेत्र के अधूरे विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।

# एसडीएम व एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने किया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को एसडीएम प्रवीण कुंदन व एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल के नेतृत्व में स्थानीय थाना की पुलिस व सीआरपीएफ जवानों ने क्षेत्र में व्यापक एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। अभियान के तहत मउ, संडा, भोरी इत्यादि गांव के बूथों के समीप पुलिसकर्मियों ने फ्लैग मार्च किया। अभियान के दौरान पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया और रास्ते में पड़ने वाले प्रमुख स्थानों की पहचान कर उनकी फोटोग्राफी की। जवानों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर चुनाव के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना पैदा की। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को मतदान में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि प्रत्येक मतदाता को बिना किसी भय के बूथ तक पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। एसडीपीओ श्री चंचल ने बताया कि अति संवेदनशील व संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बल सतत सक्रिय हैं और किसी भी बूथ पर गड़बड़ी की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे बिना किसी डर और लालच के अपनी समझदारी से मतदान करें जिससे लोकतंत्र मजबूत हो और एक स्वस्थ सरकार का गठन सुनिश्चित किया जा सके।

# डीएम के निर्देश पर खरखुरा में लगी चुनाव पाठशाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर के निर्देश पर चुनाव पाठशाला आयोजित हुई। डीएम के निर्देश के आलोक में बिहार विधानसभा चुनाव के अवसर पर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीपीओ आईसीडीएस की उपस्थिति में लगाया गया। गया सदर विधान सभा क्षेत्र के खरखुरा में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों को 11.11.25 चुनावी तिथि को मतदान करने हेतु शपथ दिलवाया गया। साथ ही मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी गया सदर एवं पीडब्लूडी आइकॉन भी उपस्थित हुए।

# तेज प्रताप यादव ने जलेबी दुकान में रुक कर खुद छानी जलेबी, खाकर हुए खुश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गयाजी।** वजीरगंज के तरवां बाजार में चुनावी सभा को संबोधित करने तेज प्रताप यादव पहुंचे। अपनी उम्मीदवार प्रेम कुमार के पक्ष में प्रचार किया फिर लोगों से बातचीत की। गयाजी के वजीरगंज के तरवां के मैदान में जनशक्ति जनता दल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने अपने वजीरगंज विधानसभा के उम्मीदवार प्रेम कुमार के पक्ष में वोट देने की अपील की। तेज प्रताप यादव ने चुनावी सभा को संबोधित किया और इसके बाद जब बाहर निकले तो तरवां बाजार में एक जलेबी के दुकान में रुके और खुद अपने हाथों से जलेबी छानी। जलेबी छानने के बाद वे जलेबी खाते भी नजर आये। इस दौरान काफी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

# जयंती पर याद किए गए लोकनायक जयप्रकाश नारायण

## मौजूदाकाल में संपूर्ण भ्रांति में बदल गया है संपूर्ण क्रांति आंदोलन : मुंद्रिका सिंह नायक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123 जयंती समारोह जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय जनता उच्च विद्यालय कुमार्मा के प्रांगण में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ जेपी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आए जेपी सेनानी के प्रांतीय महामंत्री अखौरी निरंजन ने कहा कि जेपी जन्मजात क्रांतिदूत थे वे अपने जीवनकाल में देशव्यापी आंदोलन खड़ा करके आयरन लेडी के नाम से मशहूर कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को सत्ता से बेदखल कर दिया था व सूबे में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जोरदार आंदोलन खड़ा किया जिसका परिणाम आपातकाल के रूप में सामने आया। उन्होंने कहा कि जेपी किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि देश के लिए विडंबना है कि आज उनके अनुयाई सत्ता में बैठे हैं, लेकिन जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है'वही जेपी सेनानी के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रो मुद्रिका सिंह नायक ने स्वीकार किया कि वर्तमान में जेपी का संपूर्ण क्रांति संपूर्ण भ्रांति के अनुरूप हो गया है। आज जेपी के विचारों व अवधारणाओं को जमीन पर उतरने की जरूरत है यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने इस बात पर गहरी चिंता जताई कि इस बार जेपी की जयंती समारोह चुनाव आयोग द्वारा घोषित आचार संहिता के मत्थे चढ़ गया है। लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने कहा कि वे विचारों के संगम का प्रतीक थे। इस अवसर पर मौजूद लोगों में पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद मेहता, राजकुमार यादव, गुलाबचंद यादव, श्याम बिहारी प्रसाद, परमेश्वर यादव, राम लखन भगत, किसान रतन रामसेवक प्रसाद, हम नेता रामविलास शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश सिंह एवं संचालन समाज सेवी हरेंद्र सिंह भोक्ता ने की।

# तीन दिवसीय दिव्य युवा जागरण शिविर का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, गया जी के बैनर तले गायत्री शक्तिपीठ, गयाजी के मार्गदर्शन में एवं मगध युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में तीन दिवसीय दिव्य युवा जागरण शिविर जो कि व्यक्तित्व निर्माण का शिविर है उसका उद्घाटन व्यवस्थापक संजय शर्मा और वरिष्ठ कार्यकर्ता जैनेंद्र मालवीय के द्वारा किया गया। उपर्युक्त कार्यक्रम से गायत्री शक्तिपीठ, गयाजी के व्यवस्थापक संजय शर्मा ने युवाओं में जागृति क्यूं और कैसे? विषय पर युवाओं को आवाहन करते हुए कहा कि सभी युवाओं को आजादी के आंदोलन से स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा और सीखने की जरूरत है कहा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उन्होंने देश की आजादी में खुद को झोंक दिया और इतिहास में अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज किया वैसे ही वर्तमान समय में आपके पास अनगिनत चुनौतियों है, लेकिन जो परम पूज्य गुरुदेव के सान्निध्य में रहता है उसका आधा कार्य स्वतः ही होता चला जाता है। अतिथि के तौर पर पधारे रजनीश कुमार ने कहा कि युवा को सुनियोजित कर संगठित करके समाज सेवा के लिए प्रेरित किया जाएगा क्योंकि आज समय की यही मांग है।

इन्होंने पी.पी.टी के माध्यम से युवाओं को मगध युवा प्रकोष्ठ के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न गतिविधियां, जैसे बालसंस्कारशाला, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर और हर रविवार को प्रेरणादायक और ध्यान सेमिनार से जुड़ने का महत्व को बताकर समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

# 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने मनाया 21 वां स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**डोभी /गयाजी।** गया जी में 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गयाजी के परिसर में 21वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन मधुकर अमिताभ, कमांडेंट, 29 वाहिनी स.सी.बल, गया जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। समारोह का विधिवत शुभारंभ मानवेन्द्र , उप महानिरीक्षक, (वि.प्र.) गयाजी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया व अन्य गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर मधुकर अमिताभ, कमांडेंट, 29 वाहिनी स.सी.बल, गया जी (बिहार) ने अपने सम्बोधन में बताया कि 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की स्थापना 10 अक्टूबर 2005 को भारत- नेपाल सीमा की सुरक्षा के लिए खपरैल (पश्चिम बंगाल) में किया गया। तत्पश्चात वाहिनी को गया जी में 07 अक्टूबर 2017 को 08 वीं वाहिनी के स्थान पर परिवर्तन कर नक्सल ऑपरेशन एवं विषम परिस्थितियों और दुर्गम इलाकों में ऑपरेशन के लिए नियुक्त किया गया। 29 वाहिनी, नेपाल एवं भूटान बॉर्डर के सुरक्षा के दायित्व को बखूबी से निभाया है। साथ ही साथ बिहार के नक्सल प्रभावित जिले (गया, औरंगाबाद, रोहतास एवं लखीसराय) में नक्सलियों के विरूद्ध अभियान में अपना सक्रिय योगदान दिया है। 29 वाहिनी अपनी स्थापना से लेकर अभी तक देश के विभिन्न राज्यों जैसे बिहार, मणिपुर, जम्मू और कश्मीर एवं देश के अन्य स्थानों में एंटी नक्सल आपरेशन, काउन्टर इंमरजेंसी, कानून एवं व्यवस्था ड्यूटी तथा चुनाव ड्यूटी में कार्यरत रहा है। अपनी नक्सल विरोधी अभियान के तैनाती से महज 09 वर्षों मे ही 29 वाहिनी ने दर्जनों कुख्यात एवं इनामी सहित कुल 273 नक्सलियों को जिंदा पकड़ा है एवं 14 नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराया है। साथ ही साथ कुल 134 हथियार और 5765आर्म्स जब्त किए है एवं 525 किलोग्राम आईईडी, 7542, करीब 15000 किलोग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किए हैं।

# इमामगंज को जिला बनाओ का मुद्दा चर्चा में कर रहा ट्रेंड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इमामगंज।** विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों पर राजनीतिक चर्चा तेज हो गयी। कार्यकर्ता अपने-अपने राजनीतिक दलों के नेताओं का गुणगान करने में लग गये हैं। इमामगंज विधानसभा क्षेत्र वर्ष 1957 में अस्तित्व में आया। 67 वर्ष गुजर जाने के बाद भी कई बड़ी समस्या आज भी मुंह बाएं खड़ी है। जो इस बार के चुनाव में प्रमुख मुद्दा बनते नजर आ रहा है जिसमें इमामगंज को जिला बनाओ की मुद्दा चर्चा में ट्रेंड कर रहा है। इसके अलावा इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में बेहतर सिंचाई व्यवस्था बनाना, इमामगंज में बाइपास का निर्माण करना, क्षेत्र में कल-कारखाना खोल कर बेरोजगारी और पलायन को रोकना, बड़ा अस्पताल खोलना, प्रस्तावित गया-डाल्टेनगंज नयी रेलवे लाइन में कार्य प्रारंभ करने, बांकेबाजार के मनोकामना महादेव मंदिर को पर्यटक स्थल घोषित करने, उच्च शिक्षा के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने शामिल है। हालांकि प्रमुख मुद्दा में कई ऐसे मुद्दा है जिस पर राज नेताओं ने आश्वासन देते हुए कहा है कि बहुत जल्द ही कार्य धरातल पर नजर आयेंगे। लेकिन मतदाताओं की माने तो नेताओं का काम ही आश्वासन देना होता है जब तक कार्य धरातल पर नहीं होता है तब तक हमलोगों को विश्वास नहीं होगा। इधर, इमामगंज विधानसभा क्षेत्र को बारीकी से जानने वाले समाजसेवी मोहन यादव ने बताया कि इस बार इमामगंज विधानसभा चुनाव में बेरोजगारी और पलायन प्रमुख मुद्दा बनेगा। इस क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के युवा प्रति दिन रोजगार के तलाश में दूसरे राज्य में जा रहे हैं।

# जंतु विज्ञान, वाणिज्य एवं लाइब्रेरी साइंस की छात्राओं के लिए पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय में जंतु विज्ञान, वाणिज्य एवं लाइब्रेरी साइंस की छात्राओं के लिए पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेहत केन्द्र की ओर से आयोजित पोस्टर मेकिंग कम्पटीशन्स में छात्राओं द्वारा बनाये गये पोस्टर्स की प्रदर्शनी से हुआ। कॉलेज की छात्राओं ने सेहत केन्द्र की नोडल अधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी के निर्देशन में मेंटल हेल्थ इन अनइक्वल वर्ल्ड, स्टे स्ट्रांग, डोंट फॉल अपार्ट, स्ट्रेस मैनेजमेंट जैसे मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर सारगर्भित पोस्टर्स बनाये। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गीतांजलि प्रथम, अनीषा द्वितीय, शिवानी एवं खुशी तृतीय स्थानों पर रहीं। प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल ने विजेताओं एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

पेरेंट्स को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या ने कक्षाओं में छात्राओं की 75% उपस्थिति की अनिवार्यता पर विचार रखे। मानसिक स्वास्थ्य को प्रसन्न जीवन के लिए आवश्यक ठहराते हुए डॉ सीमा पटेल ने घोषणा की कि कॉलेज में जल्दी ही मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता शिविर लगाये जायेंगे। एमयू से भी सहयोग लिया जायेगा। उन्होंने पेरेंट्स से न्यू एजुकेशन पॉलिसी, सीबीसीएस सिस्टम ऑफ एजुकेशन, छात्रवृत्ति सुविधा, होस्टल फैसिलिटी, प्रोफेशनल कोर्सेज में नामांकन संबंधित नियम तथा अन्य जानकारियां भी साझा कीं। प्रधानाचार्या ने कॉलेज में छात्रावास सुविधा, पालना घर, कैंटीन की व्यवस्था भी शीघ्र किये जाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ फरहीन वजीरी, रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अफ्शां सुरैया, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो सहदेब बाउरी, एनसीसी सीटीओ डॉ नगमा शादाब, नैट्स प्रभारी डॉ विजेता लाल, डॉ फातिमा एवं रौशन कुमार ने भी संबोधित किया। अभिभावकों ने पेरेंट्स टीचर्स मीट की काफी सराहना की। छात्राओं की सुरक्षा पर भी बात हुई। अभिभावकों ने कॉलेज प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे अपनी ओर से पूरी कोशिश करेंगे कि छात्राओं को नियमित रूप से कॉलेज भेजें। कार्यक्रम में डॉ शगुफ्ता अंसारी, डॉ अनामिका कुमारी, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ जया चौधरी, डॉ अफशां नाहिद, डॉ शबाना परवीन हुसैन भी उपस्थित रहीं। पीआरओ डॉ रश्मि ने बताया कि कॉलेज में अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास एवं अर्थशास्त्र विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं का संचालन भी शीघ्र प्रारंभ हो जायेगा।

संपादकीय

# यह सरकारी तंत्र की नाकामी है

कफ सिरप कांड में मासूम बच्चों की मौतों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच मप्र पुलिस ने इस जहरीले कोल्ड्रिफ सिरप को बनाने वाली कंपनी श्रीसन मेडिकल्स के मालिक एस. रंगनाथन को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है। उसे छिंदवाड़ा लाया जाएगा। छिंदवाड़ा पुलिस ने उस पर 20 हजार रू. का इनाम भी घोषित किया हुआ था। कोल्ड्रिफ कफ सिरप से अभी तक 20 बच्चों की मौत हो चुकी है, जिनमें सर्वाधिक बच्चे मप्र के हैं। पता चला है कि श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी 14 वर्षों से तमिलनाडु के कांचीपुरम की एक जर्जर इमारत में बेरोकटोक काम कर रही थी। यहां दवाइयां बेहद गंदगी के बीच बिना किसी उचित सुविधाओं और नियमों के पालन के बनाई जा रही थीं। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में हुई मौतों के बाद तमिलनाडु के औषधि अधिकारियों की नींद खुली और उन्होंने 2011 से लाइसेंस प्राप्त निर्माण यूनिट का निरीक्षण कर परिसर को सील कर दिया। मध्य प्रदेश के औषधि नियंत्रक से पत्र मिलने के एक दिन बाद किए गए इस निरीक्षण में कच्चे माल की आपूर्ति से लेकर दवा निर्माण, परीक्षण और पैकिंग तक, हर स्तर पर 364 गंभीर और बड़े उल्लंघनों की पुष्टि हुई। मध्य प्रदेश से भी एसआईटी के सात सदस्यीय दल नर्स चेन्नई पहुंचकर दवा फैक्ट्री की जांच की और खामियों पर रिपोर्ट तैयार की है। कांचीपुरम में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक पी. नितिन कुमार और तिरुवल्लूर में आर. शशिकुमार ने परिसर का निरीक्षण किया और पाया कि कंपनी ने दवाओं के निर्माण के लिए कच्चे माल, प्रोपिलीन ग्लायकॉल का एक गैर-फार्मास्युटिकल ग्रेड खरीदा था। यानी दवा बनाने के लिए उपयुक्त नहीं था। बावजूद इसके कंपनी ने न तो इसकी शुद्धता जांची और न ही इसमें डायथिलीन ग्लायकॉल या एथिलीन ग्लायकॉल की मात्रा का परीक्षण किया। औषधि निरीक्षकों ने पाया कि इस घटिया केमिकल से कई दवाएं तैयार की गईं। औषधि नियंत्रण विभाग ने रंगनाथन पर 'फूड सप्लीमेंट्स' श्रेणी में एनीमिया के इलाज में इस्तेमाल होने वाले सिरप बेचने का मामला दर्ज किया। क्योंकि उनके पास वैध ड्रग लाइसेंस भी नहीं था। इस बीच राजनीतिक ब्लेम गेम भी शुरू हो गया है। केन्द्र सरकार ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर आरोप लगाया है कि उसके राज में इस तरह की घटिया और जहरीली दवाइयां बेखौफ बन रही हैं। जबकि तमिलनाडु सरकार का कहना है कि उसे मप्र से कफ सिरप पीने से बच्चों के मरने की सूचना मिली, उसने तुरंत कार्रवाई की। दूसरी तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी छिंदवाड़ा का दौरा करने वाले हैं। लेकिन ऐसे राजनीतिक दांव पेंचों से क्या सुधरेगा? इस गंभीर और दर्दनाक घटनाक्रम ने जिस चीज को बेनकाब किया है, वह सरकारी तंत्र का निकम्मापन और भ्रष्टाचार है। इस मामले में एक सरकारी डॉक्टर को फंसाया गया है, लेकिन दवा एवं ड्रग विभाग के पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि ऐसी जहरीली दवा मप्र में तत्काल बैन क्यों नहीं हुई। खबर तो यह भी आ रही है कि सरकार के पास दवाओं के मानकीकरण की जांच के पर्याप्त साधन भी नहीं है। ऐसे में दवा के सही होने के प्रमाणीकरण के पहले ही दवाएं बाजार में बिकने आ जाती हैं और डॉक्टर भी बेखौफ उन्हें मरीजों को देते हैं। कफ सिरप मामले में भी यही हुआ है। इस घटना के बाद भी सरकारी तंत्र में संवेदनशीलता और दायित्वबोध जागेगा, इसकी संभावना कम ही है। उस पर सख्त कार्रवाई भी होगी, लेकिन जिन बच्चों की जान चली गई है या जो अभी भी खतरे के दायरे में हैं, उनका क्या? कानूनी कार्रवाई अपनी जगह है, लेकिन इस पूरे प्रकरण से यह साफ हो गया है कि दवा सुरक्षा के मामले में हमारे यहां कितनी भयंकर लापरवाही और लचर कानून व्यवस्था है।

# बुद्ध ने कहा-इन्हें क्षमा कर दो

**सनातन के नाम पर सनातनी लोग अब यह क्या करने लगे हैं, समझ में नहीं आता। सनातन का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, यह नारा राकेश किशोर द्वारा लगाया गया। वह सनातन की आड़ में इस प्रकार की गतिविधियों को करके अपने आपको बचाना चाहते हैं। जिस संविधान की छाँव तले राकेश किशोर ने लॉ की डिग्री ली। अपनी डॉक्टरेट की डिग्री हासिल की। वह राकेश किशोर को सत्तर वर्ष की अवस्था में जो सनातन की आग प्रज्वलित हुई है, वह देश में नयी तरह की बहस खड़ी कर दी है। भारत का सनातन इतना कमजोर नहीं है जितना इस अपमानजनक गतिविधि करके राकेश किशोर जैसा व्यक्ति समझता है। सनातन मुक्त भाव है। उसे अपमान और सम्मान से कोई फर्क नहीं पड़ता। सनातन का अर्थ है चरै वेति चरै वेति। एएनआई के साथ बिल्कुल अफसोसजनक गतिविधियों को अंजाम देने वाले राकेश किशोर का यह कहना कि उन्हें कोई अफसोस नहीं है।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**



भारत जिस दौर से गुजर रहा है, वह दौर बहुत कठिन है। इस समय का मूल्यांकन जब भी आने वाले समय में क्या जाएगा तो इस दौर पर अफ़सोस होगा। सर्वोच्च न्यायालय में एक सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ़ इण्डिया यानी मुख्य न्यायधीश के ऊपर जूता फेंका गया। यह करतूत है एक वकील की, जिसकी आयु 70 वर्ष बताई गई। यह कितना गंभीर प्रश्न है कि सर्वोच्च न्यायाधीश भी सुरक्षित नहीं हैं। मुख्य न्यायधीश पर भी कोई आपराधिक कृत्य करते हुए लोगों को अब डर नहीं है। इस पूरी घटना की अपने-अपने हिसाब से निंदा, भर्त्सना और आलोचना हो रही है लेकिन राकेश किशोर जिसने मुख्य न्यायधीश के ऊपर जूता फेंका है उसे इस पर रंच मात्र भी अफ़सोस नहीं है। सनातन के नाम पर सनातनी लोग अब यह क्या करने लगे हैं, समझ में नहीं आता। सनातन का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, यह नारा राकेश किशोर द्वारा लगाया गया। वह सनातन की आड़ में इस प्रकार की गतिविधियों को करके अपने आपको बचाना चाहते हैं। जिस संविधान की छाँव तले राकेश किशोर ने लॉ की डिग्री ली। अपनी डॉक्टरेट की डिग्री हासिल की। वह राकेश किशोर को सत्तर वर्ष की अवस्था में जो सनातन की आग प्रज्वलित हुई है, वह देश में नयी तरह की बहस खड़ी कर दी है। भारत का सनातन इतना कमजोर नहीं है जितना इस अपमानजनक गतिविधि करके राकेश किशोर जैसा व्यक्ति समझता है। सनातन मुक्त भाव है। उसे अपमान और सम्मान से कोई फर्क नहीं पड़ता। सनातन का अर्थ है चरै वेति चरै वेति। एएनआई के साथ बिलकुल अफसोसजनक गतिविधियों को अंजाम देने वाले राकेश किशोर का यह कहना कि उन्हें कोई अफसोस नहीं है अपने किए पर और कोई पछतावा नहीं है। उसने यहाँ तक कहा कि यह कार्य उसने ईश्वर की प्रेरणा से किया है। यह कार्य जब तक वह कर नहीं दिया तब तक वह बेचैन था। उसने यह भी कहा कि वह मुख्य न्यायाधीश गवई के उस वक्तव्य से बहुत आहत होकर रात भर सो नहीं सका और उसने जानबूझकर यह कार्य किया है। उसे जेल में डाल दिया जाए तो भी कोई शिकायत खुद से नहीं होगी।

अब सवाल यह है कि राकेश किशोर ने तो कहा कि उसने जो भी कहा वह भगवान ने करवाया। भगवान ऐसा तो नहीं करवा सकता है, पहली बात यह है। और दूसरी बात यह है कि यदि उसको भगवान ने कहलवाया तो चीफ जस्टिस एस आर गवई भी कह सकते हैं कि मैंने जो कहा वह यदि बुद्धिष्ट हैं तो बुद्ध ने कहलवाया। फिर अपराधबोध और अपराध का कोई फर्क ही नहीं रहा जाएगा। देश के समस्त अपराधी कहेंगे कि हमने वही कार्य किया जो ईश्वर ने हमसे कहा। इस प्रकार यदि ईश्वर कहेगा तो इस देश में बहुत ही रक्तरंजित वक्त दस्तक देगा और किसी संविधान, कानून की आवश्यकता ही नहीं है। भारत में इस प्रकार के अपराधियों की बाढ़ आ जाएगी तो बलात्कारी और चोर भी कहेंगे कि उनकी कोई गलती है ही नहीं। ऐसे शब्दों को सनातन ढाल बनाकर खेल रहे राकेश किशोर को यह नहीं पता है कि भारत संविधान से चलता है। कानून से व्यवस्थाएं चलती हैं। भगवान, देवी-देवता और सनातन के नाम पर इस प्रकार के किये जा रहे कृत्य भारत की चिंता बढ़ा देंगे। सरकारें भी देश में सुशासन कभी ला ही नहीं सकेंगी सब जगह अराजक स्थितियां पैदा हो जाएँगी।


सबसे अहम् बात यह है कि विपक्ष और पक्ष सबने चीफ जस्टिस के साथ किये गए इस व्यवहार पर कड़ा रोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने भारत के मुख्य न्ययाधीश, न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई जी से खुद बात की। प्रधानमंत्री ने कहा हमारे समाज में ऐसे निंदनीय कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है। यह अत्यंत निंदनीय है। मैं ऐसी स्थिति में न्यायमूर्ति गवई के धैर्य की सराहना करता हूँ। यह न्याय के मूल्यों और हमारे संविधान की भावना को मज़बूत करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री क्षुब्ध हैं लेकिन राकेश किशोर जैसा व्यक्ति यह कह रहा है कि उसे कोई अपराधबोध नहीं है। राकेश किशोर को समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री स्वयं सनातन सभ्यता के लिए वर्षों से जीवन समर्पित कर चुके हैं वह जानते हैं कि सनातन क्या है और उन्होंने निंदा की और अपना आक्रोश भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रकट किया है तो उसका सनातन कौन सा है? क्या एक ही देश में दो सनातन हैं क्या? यह सनातन की आड़ में की जा रही क्रूरतम कृत्य सनातन का अपमान क्या नहीं है? राकेश किशोर को उसके सनातन अपमान के लिए कम से कम सरकार की ओर से संयम बर्ताव की चेतावनी देनी ही चाहिए। सीजेआई गवई ने कहा कि इन्हें छोड़ दो। इन पर कोई कार्रवाई नहीं करें। पुलिस ने उन्हें कुछ समय में छोड़ दिया। उसने छूटने के बाद एएनआई और दूसरे प्लेटफॉर्म से जो बयान दिया है वह मानें या न मानें भयावह है। चिंताजनक है। सनातन के लिए अपमानजनक है। ईश्वर के लिए उसका वक्तव्य बिल्कुल अपमानजनक है। इतना भी वीभत्स सोच नहीं होनी चाहिए व्यक्ति की। बुद्ध ने कहा-इन्हें क्षमा कर दो! क्षमा मिलने के बाद छूटे हुए लोग अब यह कहें कि बुद्ध कमजोर था। संविधान कमजोर है। हमें कोई शिकायत और शर्म नहीं है। अपने किए पर पछतावा नहीं है। हम अभी भी अपने कुत्सित कार्य को सही मानते हैं। ऐसे में तो इसे पूरे भारत की सनातन पीढ़ियों के साथ जोड़कर देखा जाना चाहिए। यह कल्पना की जानी चाहिए कि यदि राकेश किशोर जैसा व्यक्ति आयकॉन बनने लगा हमारी युवा पीढ़ी का या बुजुर्ग-जन का तो इस देश की हालत क्या होगी? सोचिए यदि अपराध करने की यह प्रवृत्तियां हमारे समाज में घर कर गयीं तो क्या स्थिति होगी देश की?

राष्ट्र के समक्ष खड़े इस खतरनाक स्थितियों की यदि कल्पना की जाए तो एक आक्रामक समाज के दस्तक देने की यह आहट है। देश जिस ओर भाग रहा है वह वीभत्स है। देशहित में तो बिल्कुल नहीं है। भारत की सुरक्षा को यह चुनौती है। भारत के शील व शांति के लिए यह चुनौती है। देश को यदि विकास की राह पर चलना है तो संविधान की सुरक्षा उसकी गरिमा के साथ सभी मनुष्य की सुरक्षा व लोकतंत्र की मजबूती पर कार्य करना होगा। देश के सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई की भी कुछ कमियां हैं। उन्हें इस तरह के बयान से बचना ही चाहिए जो उन्होंने खजुराहो स्थित पीआईएल पर भगवान विष्णु को लेकर टिप्पणी की। उन्हें भी ऐसे बयान नहीं देने चाहिए। लेकिन उनके बयान को लेकर जूता फेंककर भारतीय संविधान के न्यायमूर्ति पद पर आसीन व्यक्ति को, जब वह कोर्ट की कार्यवाही में संलग्न हो, तो अपमानित करना भी सनातन सभ्यता का अपमान है।

इस समय बहुत तटस्थ भाव से भारतीय सनातनियों को यह समझने की आवश्यकता भी है क्या वह राकेश किशोर को वाहवाही देकर भारत को मजबूत करने जा रहे हैं या कमजोर? यदि समय रहते भविष्य के संकट को भारत के लोग नहीं समझ सकेंगे तो हो सकता है आने वाला कल हमारे लिए बहुत ही विघ्नकारी साबित हो जाए।...

## अध्यात्म

### जीवन की छुपी सम्पदा



एक सुबह, अभी सूरज भी निकला नहीं था और एक मांझी नदी के किनारे पहुंच गया था। उसका पैर किसी चीज से टकरा गया, झुक कर उसने देखा, पत्थरों से भरा हुआ एक झोला पड़ा था। उसने अपना जाल किनारे पर रख दिया, वह सुबह सूरज के उगने की प्रतीक्षा करने लगा। सूरज उग आए, वह अपना जाल फेंके और मछलियां पकड़े। वह जो झोला उसे पड़ा हुआ मिल गया था, जिसमें पत्थर थे, वह एक-एक पत्थर निकाल कर शांत नदी में फेंकने लगा। सुबह के सन्नाटे में उन पत्थरों के गिरनेकी छपाक की आवाज सुनता, फिर दूसरा पत्थर फेंकता। धीरे-धीरे सुबह का सूरज निकला, रोशनी हुई। तब तक उसने झोले के सारे पत्थर फेंक दिए थे, सिर्फ एक पत्थर उसके हाथ में रह गया था। सूरज की रोशनी में देखते से ही जैसे उसके हृदय की धड़कन बंद हो गई, सांस रुक गई। उसने जिन्हें पत्थर समझ कर फेंक दिया था, वे हीरे-जवाहरात थे! लेकिन अब तो अंतिम हाथ में बचा था टुकड़ा और वह पूरे झोले को फेंक चुका था। वह रोने लगा, चिल्लाने लगा। इतनी संपदा उसे मिल गई थी कि अनंत जन्मों के लिए काफी थी, लेकिन अंधेरे में, अनजान, अपरिचित, उसने उस सारी संपदा को पत्थर समझ कर फेंक दिया था। लेकिन फिर भी वह मछुआ सौभाग्यशाली था क्योंकि अंतिम पत्थर फेंकने के पहले सूरज निकल आया था और उसे दिखाई पड़ गया था कि उसके हाथ में हीरा है। साधारणतः सभी लोग इतने सौभाग्यशाली नहीं होते हैं। जिंदगी बीत जाती है, सूरज नहीं निकलता, सुबह नहीं होती, रोशनी नहीं आती और सारे जीवन के हीरे हम पत्थर समझ कर फेंक चुके होते हैं। जीवन एक बड़ी संपदा है, लेकिन आदमी सिवाय उसे फेंकने और गंवाने के कुछ भी नहीं करता है! जीवन क्या है, यह भी पता नहीं चल पाता और हम उसे फेंक देते हैं! जीवन में क्या छिपा था - कौन से राज, कौन सा रहस्य, कौन सा स्वर्ग, कौन सा आनंद, कौन सी मुक्ति - उस सबका कोई भी अनुभव नहीं हो पाता और जीवन हमारे हाथ से रिक्त हो जाता है! ज्ञान रूपी प्रकाश किसी को मिल जाता है तो शेष जीवन तो संवर ही जाता है।

# श्रम, कौशल और संकल्प ने बदली तस्वीर

**भारत की श्रम शक्ति का परिदृश्य भी अब पहले जैसा नहीं रहा। एलएफपीआर 49.8 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत के पार पहुंच चुकी है। इसका अर्थ है कि देश में काम करने योग्य आबादी का बड़ा हिस्सा अब रोजगार के दायरे में है। यह उस सोच का नतीजा है, जिसमें रोजगार को 'मौका' नहीं, बल्कि 'सशक्तिकरण' माना गया। शहरों में आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस सेक्टर और ई-कॉमर्स क्षेत्रों में नई नौकरियां बढ़ रही हैं तो ग्रामीण भारत में स्वरोजगार और लघु उद्योगों का दायरा फैल रहा है। जब हम वैश्विक पटल पर भारत की स्थिति देखते हैं तो यह उपलब्धि और भी बड़ी प्रतीत होती है। कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं आज भी महामारी और मुद्रास्फीति के दबाव से जूझ रही हैं। वहीं, भारत में श्रम बाजार न सिर्फ स्थिर हुआ है बल्कि उसमें नई ऊर्जा भी आई है।**

**अमित शर्मा**

भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को बेरोज़गारी के डर से मुक्ति के संकेत मिलना बड़ा परिवर्तन है। हाल ही में जारी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़े और उनसे जुड़ी आधिकारिक रिपोर्ट इस परिवर्तन का साक्ष्य है। रिपोर्ट बताती है कि 2017-18 से लेकर 2023-24 के बीच भारत में लगभग 16.83 करोड़ नई नौकरियां सृजित हुई हैं। बेरोज़गारी दर जो 6 प्रतिशत से ऊपर थी, घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। यह परिवर्तन महज़ आंकड़ा नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की उस सोच का परिणाम है जिसने विकास को लोगों के जीवन से जोड़ा है।

## युवाओं को आत्मनिर्भरता के अवसर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार कहा है कि भारत की सबसे बड़ी पूंजी उसका मानव संसाधन है। यही सोच अब नीति-व्यवहार में दिखाई दे रही है। बीते वर्षों में केंद्र सरकार ने रोजगार सृजन को प्रोत्साहन देने वाली योजनाओं को एक समग्र रणनीति के तहत जोड़ा है। मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया की पहलें एक ही सूत्र में पिरोई गईं। इन अभियानों ने न सिर्फ उद्योग जगत में निवेश को प्रोत्साहित किया बल्कि युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण के ज़रिए आत्मनिर्भरता का अवसर भी दिया।



## बड़ा सामाजिक परिवर्तन

सबसे महत्वपूर्ण बदलाव उस वर्ग में देखा गया है, जिसे भारत की कार्यशक्ति की रीढ़ कहा जा सकता है यानि महिलाएं। श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की हिस्सेदारी 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई है। यह वृद्धि वाकई बड़े सामाजिक परिवर्तन का द्योतक है। ग्रामीण और अर्धशहरी भारत में महिलाएं अब घर की सीमाओं से निकलकर स्वरोज़गार और सेवा क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी कर रही हैं। सरकार की ई-श्रम पोर्टल जैसी पहलें और रोज़गार मेले जैसी योजनाएं इस प्रक्रिया को गति दे रही हैं।

## काम करने योग्य आबादी के बड़े हिस्से को रोज़गार

भारत की श्रम शक्ति का परिदृश्य भी अब पहले जैसा नहीं रहा। एलएफपीआर 49.8 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत के पार पहुंच चुकी है। इसका अर्थ है कि देश में काम करने योग्य आबादी का बड़ा हिस्सा अब रोज़गार के दायरे में है। यह उस सोच का नतीजा है, जिसमें रोजगार को 'मौका' नहीं, बल्कि 'सशक्तिकरण' माना गया। शहरों में आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस सेक्टर और ई-कॉमर्स क्षेत्रों में नई नौकरियां बढ़ रही हैं तो ग्रामीण भारत में स्वरोज़गार और लघु उद्योगों का दायरा फैल रहा है।

जब हम वैश्विक पटल पर भारत की स्थिति देखते हैं तो यह उपलब्धि और भी बड़ी प्रतीत होती है। कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं आज भी महामारी और मुद्रास्फीति के दबाव से जूझ रही हैं। वहीं, भारत में श्रम बाजार न सिर्फ स्थिर हुआ है बल्कि उसमें नई ऊर्जा भी आई है। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत का विकास मॉडल, जिसमें आत्मनिर्भरता और समावेश दोनों साथ चलते हैं, अब एक व्यवहारिक आर्थिक दर्शन के रूप में स्थापित हो चुका है।

## घरेलू उत्पादन और रोजगार दोनों में वृद्धि

सरकार और उद्योगों के बीच साझेदारी इस सफलता की कुंजी रही है। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव योजनाओं ने मैन्युफैक्चरिंग को नई दिशा दी, जिससे घरेलू उत्पादन और रोजगार दोनों में वृद्धि हुई। इसके साथ ही डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म आधारित प्रशिक्षण और छोटे उद्योगों के विस्तार ने देश के युवाओं को स्थानीय स्तर पर अवसर दिए हैं। खास बात यह है कि सरकार लगातार ऐसे कदम उठा रही है कि यह प्रगति सिर्फ शहरी अर्थव्यवस्था तक सीमित न रहे बल्कि हर गांव और छोटे कस्बे में भी अपनी छाप छोड़े।

## आर्थिक सशक्तिकरण का निर्णायक दौर

अंततः यह कहा जा सकता है कि भारत का रोजगार परिदृश्य अब एक निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है। सरकार ने मजबूत बुनियाद रख दी है, उद्योग और समाज को अब इस यात्रा को आगे बढ़ाना है। जब कोई किसान का बेटा तकनीकी विशेषज्ञ बनकर अपने गांव लौटता है या कोई महिला स्वरोज़गार के माध्यम से अपने परिवार का सहारा बनती है तो समूचे समाज में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिलते हैं। भारत आज नौकरियां पैदा करने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की नई संस्कृति गढ़ रहा है। आज हर हाथ को काम, हर काम को गरिमा और हर गरिमा को पहचान मिल रही है। यही है 'विकसित भारत' की असली परिभाषा। श्रम, कौशल और संकल्प के ये परिणाम वाकई आने वाले समय में व्यापक परिवर्तन के द्योतक हैं।

----

## आज का कार्टून

भारत के साथ कभी भी छिड़ सकती है जंग: पाक रक्षा मंत्री




## राशिफल

**मेष**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। अपेक्षित कार्य के समय से पूर्ण न होने से थोड़े उदास हो सकते हैं। परोपकार के कार्यों में धन खर्च होगा।

**वृषभ**
कार्यशैली में सुधार लाने का प्रयास करेंगे। सन्तान के भविष्य की चिन्ता दूर होगी। धन के लेन-देन में आपको सावधानी रखनी चाहिये।

**मिथुन**
सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। मांगलिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। दाम्पत्य समस्याओं का समाधान होने की सम्भावना बन रही है।

**कर्क**
कारोबार में आपको थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। किसी मित्र और रिश्तेदार की आपको सहायता करनी पड़ सकती है।

**सिंह**
अपने महत्वपूर्ण सामानों को सम्भालकर रखें। महिलाओं को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिये। रुके हुये कार्यों को लेकर थोड़ा चिन्तित रहेंगे।

**कन्या**
राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन अति अनुकूल है। बैंकिंग और मैनेजमेन्ट से जुड़े लोगों के लिये भी दिन बहुत अच्छा है।

**तुला**
बच्चे पढ़ाई में काफी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। आवश्यक कार्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे। प्रशासन से जुड़े लोगों को ख्याति मिल सकती है।

**वृश्चिक**
आज आप अत्यन्त प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। सम्पत्ति विवादों का निपटारा होगा। नौकरी को लेकर परेशानी दूर होगी। ऑनलाइन कारोबार से लाभ होगा।

**धनु**
आपके ऊपर घर वालों का दबाव रहेगा। प्रियजनों से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। घर वालों के कारण आपको कुछ अनावश्यक खर्च करने पड़ सकते हैं। एक साथ कई सारे काम न करें।

**मकर**
अपने लक्ष्यों के प्रति अत्यन्त गम्भीर रहेंगे। परिजनों के साथ आप महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। आय के नये स्रोत विकसित हो सकते हैं। नजदीकी लोगों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आपको बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। आवश्यक वस्तुओं को खरीदने के लिये बाजार जा सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत से आपको बचना चाहिये।

**मीन**
कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता का अनुभव होगा। अधिक सोचने के कारण सिरदर्द की समस्या हो सकती है। बड़े बुजुर्गों से आपकी मतभिन्नता दूर होगी।

# जिले में एक भी प्रत्याशी ने नहीं किया नामांकन

## सातों विधानसभा क्षेत्रों में सुरक्षा के रहेंगे व्यापक इंतजाम, प्रशासनिक तैयारी जारी


**विधानसभा चुनाव 2025**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले के सभी सात विधान सभा में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। सभी सातो विधान सभा में निर्वाची पदाधिकारी द्वारा नामांकन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। बिहार विधान सभ हेतु नामांकन के प्रथम दिन जिले के सात विधान सभा में कोई भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नाम निर्देशन प्रस्प और प्रपत्र 26 (शपथ पत्र) के साथ आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी यहां से प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही नाम निर्देशन में अनलाईन मोड की भी सुविधा प्रदान की गई है। नाम निर्देशन प्रारूप अनलाईन पोर्टल पर भी उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी एक एकाउंट बनाकर अभ्यर्थी नाम निर्देशन प्रपत्र को भर सकते है। प्रतिभूति राशि जमा करा सकते है। टाईम स्लॉट की उपलब्धता जांच सकते है और रिटर्निंग अधिकारी के पास जाने की उपर्युक्त तरीके से योजना बना सकते है। कोई भी इच्छुक अभ्यर्थी इसे ऑनलाईन भर सकते हैं। रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष स्वयं या प्रस्ताव के द्वारा प्रिंटेट नामांकन पत्र जमा करेंगे। इसके साथ ही शपथ पत्र भी अनलाईन भरा जा सकता है। एक बार इसे भर लेने के बाद अभ्यर्थी इसका प्रिंट लेकर इसे नटरीकृत कर लें। तथा इसे नाम निर्देशन-पत्र के साथ रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। अभ्यर्थी अभिहित प्लेटफार्म पर ऑनलाईन मोड के माध्यम से जमानत राशि जमा कर सकते है। हालांकि अभ्यर्थी के पास कोषगार में इसे नकद रूप से जमा कराने का विकल्प बना रहेगा। अभ्यर्थी नाम निर्देशन करने के प्रयोजन से अपना निर्वाचक प्रमाणक अनलाईन प्राप्त करने का विकल्प भी चुन सकते है।

## 1200 से अधिक मतदाता होने पर बनेंगे सहायक मतदान केन्द्र

### डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक



विधानसभा चुनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी राजनीतिक दलों को बताया गया कि भारत निर्वाचन आयेग के निर्देशानुसार जिन-जिन मतदान केन्द्रों पर 1200 से अधिक मतदाता है, वहां पर सहायक मतदान केन्द्र बनाने का प्रस्ताव भेजा जाना है। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश में अब तक किये गये कार्यो से सभी को अवगत कराया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जीविका दीदियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** तुलसी महिला ग्राम संगठन समसा खुशी महिला जीविका ग्राम संगठन महेशवाड़ा तथा पहसारा पश्चिमी के बैनर तले मतदाता जागरूकता रैली तथा शपथग्रह्मा समारोह का आयोजन शनिवार को किया। पहले मतदान, फिर जलपान, वोट हमारा है अनमोल, नहीं लेगें कोई मोल, मतदान है अधिकार हमारा, इससे बनता लोकतंत्र सारा, छोड़कर अपने सारे काम, पहले चलो करे मतदान, एक वोट से जीत हार, वोट न हो कोई बेकार,सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो आदि स्लोगन लगाते हुए पोषक क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं को वोटिंग करने के लिए जागरूक किया। सामुदायिक समन्वयक विकास कुमार, दुलार चंद राम ने आसपास के मतदाताओं को प्रेरित कर 6 नवम्बर को होने वाले विधान सभा चुनाव के लिए बूथ पर भेजकर वोट डालने की अपील की साथ ही शपथ दिलाई। उपस्थित दीदियों ने शपथग्रह्मा में स्वयं वोट करने तथा अपने आसपास के मतदाताओं से भी मत डलवाने की शपथ ली। मौके पर बीके गीता कुमारी, मीरा, कुमारी, संजू कुमारी, खुश्बू, शिवशंकर, रिंकू, संध्या, मंजू सहित काफी संख्या में जीविका दीदियों ने हिस्सा लिया।

## प्रचंड बहुमत के साथ बनेगी बिहार में एनडीए की सरकार : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर शनिवार को दरभंगा नगर विधानसभा अन्तर्गत दरभंगा सदर मंडल के कंसी, शीशो पूर्वी, शीशो पश्चिमी, शहबाजपुर पंचायत मे भाजपा कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रतन पासवान ने की। बैठक में बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री संजय सरावगी ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने,




सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने एवं मतदाता संवाद अभियान को गति देने पर बल दिया। उन्होंने प्रत्येक मंडल एवं शक्ति केंद्र के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान तेज करें। उन्होंने कहा कि बिहार में विकास और सुशासन की निरंतरता बनाए रखने हेतु कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करना होगा। श्री सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊँचाइयों को छू रहा है और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मिलकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी का लक्ष्य है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजू तिवारी, जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, विधानसभा प्रभारी मुकुंद चौधरी, जीतेन्द्र ठाकुर, आरती कुमारी, मोध सब्बानी, सुदीप मंडल, पप्पू ठाकुर, सुनील साह, कमलेश ठाकुर, विनय झा, सत्यनारायण भगत, राधे महतो, प्रेम माँझी, कन्हैया सिंह, वैद्यनाथ साह, संतोष यादव, ललितेश्वर साह सहित सभी शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बच्चों को सिखाया गया आपदा रक्षा का गुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखंड के मध्य विद्यालय मेहदौली, प्रखंड कलोनी, अतरुआ सहित अन्य विद्यालयों में बच्चों को मानव जनित आपदा भगदड़ से बचाव की जानकारी दी गई।बच्चों को दशहरा, छठ पर्व, उत्सव मेला आदि में भीड़-भाड़ एवं भगदड़ संबंधी जोखिम एवं बचाव से संबंधित जानकारी दी गई। फोकल शिक्षक ने बताया कि दशहरा, छठ, मुहर्रम आदि का मेला या जुलूस मे भीड़ होती है। इस भीड़ -भाड़ में भगदड़ होने की संभावना होती है। अगर हम थोड़ी सावधानियां बरतें तो भगदड़ जैसी मानव जनित आपदा से निपटा जा सकता है।भगदड़ के दौरान भीड़ का हिस्सा न बनें। पैरों को मजबूती से जमीन पर टिकाएं रखें। भीड़-भाड़ वाले इलाके में सावधान रहें और अनुशासित तरीके से चले। बेवजह शोर ना मचाएं, अफवाह ना फैलाएं व दूसरों को भी अफवाह फैलाने से रोके। स्थिति सामान्य होने पे घायलों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर उनकी सहायता करें और घायलों के इर्द गिर्द भीड़ इकट्ठी ना होने दे। पुलिस व राहत कर्मियों को उनके कार्य मे सहयोग करे। मौके पर एचएम अशोक कुमार सिंह, रईस उद्दीन, प्रमोद कुमार साह, विश्वनाथ, अवधेश, शिक्षक अमर शंकर, अजनीश, ऋतु, श्वेता, पूनम, शानू, अदिति, प्रिया, सहित बच्चे मौजूद थे।

## चुनाव को लेकर 99 वाहनों की जांच

**संदेश/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधान सभा चुनाव को लेकर प्रखंड क्षेत्र के संदेश-पवना रोड में 24 घंटा वाहन चेकिंग किया जा रहा है। मजिस्टेट मनोज कुमार ने बताया कि हर दिन वाहन चेकिंग चलाया जाएगा ताकि कोई भी व्यक्ति 50 हजार से अधिक रुपया नहीं ले जा सके। अधिक ले जाने पर उस व्यक्ति को कारण बताना होगा। मजिस्टेट मनोज कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह 6 बजे से 2 बजे तक 99 वाहनों को चेक किया गया है। सुबह 6 बजे से 2 बजे तक मजिस्टेट यूसुफ अंसारी, एसआई सुमंत कुमार, चौकीदार शीश कमल एवं शिव पासवान वाहन चेकिंग अभियान में शामिल थे।

## हर वोट कीमती ही नहीं जिम्मेदार नागरिक की पहचान भी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार के नेतृत्व में जीविका द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान पूरे उत्साह और सहभागिता के साथ चलाया गया। जिले के सभी प्रखंडों में जीविका दीदियां घर-घर जाकर नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक कर रही हैं, ताकि अधिकतम मतदान सुनिश्चित किया जा सके। शनिवार को घनश्यामपुर प्रखंड के तिरंगा जीविका संकुल संघ में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी कौशल कुमार, सहायक समहर्ता के. परीक्षित, डीपीएम डॉ. ऋचा गार्गी ने भाग




लेकर जीविका दीदियों का मनोबल बढ़ाये। उन्होंने कहा कि चाहे वह स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण हो या मतदाता जागरूकता अभियान जैसे सामाजिक पहल, जीविका दीदियाँ हमेशा अग्रणी रही हैं। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने मतदान के महत्व पर जोर देते हुए सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि हर वोट कीमती है और यह न केवल हमारे अधिकार का प्रतीक है,बल्कि जिम्मेदार नागरिक होने का भी परिचय देता है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करना है। इसके अलावा, आसपास के पड़ोसी व परिचितों को भी मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि उच्च मतदान प्रतिशत ही सशक्त लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाता है। सहायक समहर्ता के. परीक्षित ने कहा कि जीविका दीदियाँ न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं,बल्कि अब वे सामाजिक परिवर्तन की वाहक भी बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह जीविका दीदियां मतदाता जागरूकता अभियान में उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं, वह सराहनीय है। डॉ. ऋचा गार्गी ने कहा कि हर दीदी अपने परिवार और समाज में जागरूकता की मिसाल पेश कर रही है और उनके प्रयासों से गांव-गांव में मतदान को लेकर सकारात्मक माहौल बन रहा है। उन्होंने जीविका दीदियों से अपील की कि वे इस अभियान को और गति दें ताकि हर पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे। उन्होंने बताया कि जीविका दीदियाँ विशेष रूप से उन क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चला रही हैं जहाँ पिछले चुनावों में मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम था। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इस बार कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे।

## बिहिया चौराहा पर चलाया गया वाहन जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, जगदीशपुर द्वारा बिहिया चौरस्ता मार्ग में वाहनों की सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान एफएसटी टीम, पुलिस बल एवं संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जांच के दौरान वाहनों के आवश्यक कागजात, परिवहन अनुमति, नगद धनराशि, शराब या



अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों की जांच की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जा रहा है तथा बिना अनुमति के किसी भी प्रकार का धन, वस्तु या प्रचार सामग्री ले जाने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने टीम को निर्देश दिया कि जांच अभियान लगातार जारी रहे ताकि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हो सके।

## विभिन्न मामलों में पांच गिरफ्तार

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय पुलिस ने विभिन्न मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि मोजक्का गांव से ऐनुल अंसारी, जमालपुर से तेली माँझी को वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। वहीं अंधरा चौकी से प्राथमिकी अभियुक्त अमरजीत कुमार, कुतु उर्क पुटु कुमार एवं राम कुमार यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि एक मामले में बिक्रम में कुर्की भी की गई है।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकहा ररिऔना सहित अन्य विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता हेडमास्टर सरोज कुमार महतो ने की। उन्होंने कहा कि बालिका देश की भविष्य है। इसे शिक्षित होकर दो परिवारों की जिम्मेदारी संभालनी है। इसके लिए इन्हें स्वस्थ रहना अत्यावश्यक है। इनके स्वास्थ्य की जांच स्वास्थ्य कर्मियों ने की। वही दूसरी ओर विद्यालय परिसर में लगे पौधे में वर्मी कम्पोस्ट डालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हरित खाद के रूप में वर्मी कम्पोस्ट से होने वाले फायदे को बताते हुए कहा कि इससे मृदा सुरक्षित रहती है तथा बंजर होने से बचाव होता है। इसके प्रयोग से पर्यावरण प्रदूषण पर भी विराम लग जाता है। इससे उत्पादित फसलें भी हानिरहित होता है। इन्हें अपने स्वास्थ्य की देखभाल करते हुए पौधे की देखभाल करने की अपील की गई। विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर इस दिवस को याद्गार बनाया गया। मौके पर समर शिरीन, विनय कुमार, दीपक कुमार, राहुल कुमार सहित कई बालिका मौजूद थे।

## प्रेक्षक ने व्यय कोषांग का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारी के क्रम में व्यय प्रेक्षक द्वारा शनिवार को भोजपुर जिले के व्यय कोषांग का विस्तृत समीक्षा किया गया। इस दौरान निर्वाचन व्यय से संबंधित विभिन्न अभिलेखों, रिपोर्टों एवं निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की। व्यय प्रेक्षक ने व्यय निगरानी टीमों की सक्रियता, स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्तों के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्वाचन व्यय से संबंधित सभी रिकॉर्ड्स को समय पर अद्यतन किया जाए तथा प्रत्येक गतिविधि में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने व्यय कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि व्यय निगरानी से संबंधित सभी कोषांगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक प्रगति सुनिश्चित की जाए। व्यय प्रेक्षक ने यह भी कहा कि निर्वाचन अवधि के दौरान अनावश्यक खर्च, धन के दुरुपयोग एवं अवैध लेनदेन पर विशेष निगरानी रखी जाए ताकि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराया जा सके।

## बालिका सभा नारी सशक्तिकरण, संस्कृति और स्वास्थ्य जागरूकता का सशक्त संगम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर भगवानपुर ब्लॉक में पिरामल फाउंडेशन से आरती शर्मा के नेतृत्व में एक प्रेरणादायी और प्रभावशाली 'बालिका सभा का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को आत्म-प्रकाशन, स्वास्थ्य जागरूकता और उनके अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम में बिहार की सांस्कृतिक पहचान को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। बालिकाओं के हाथों में आल्ता



लगाकर उन्हें दुर्गा और लक्ष्मी के प्रतीक के रूप में सम्मानित किया गया। जो नारी की सृजनशक्ति, साहस और गरिमा का प्रतीक है। इसे मासिक धर्म (पीरियड्स) से जोड़ते हुए यह संदेश दिया गया कि हर चक्र नारी की सृजनशक्ति और उसकी ताकत का प्रतीक है।सभा के अंतर्गत कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बालिकाओं का हीमोग्लोबिन स्तर जांचा गया और उन्हें पोषण व आयरन-फोलिक एसिड की गोलियों के सेवन की सलाह दी गई। इस अवसर पर सीएचओ पूजा कुमारी, सीएचओ राजू कुमार रंजन, सीएचओ मनीष पासवान, आईसीडीएस पर्यवेक्षक, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरदीप जी, तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं विद्यालय के अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक अमरदीप जी के सक्रिय सहयोग का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी का निर्देश

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव को लेकर बनाए गए जगदीशपुर अनुमंडल क्षेत्र के जगदीशपुर और शाहपुर विधानसभा के व्यय प्रेक्षक गेखोनलुग पानमई ने शनिवार को एसएसटी चेक पोस्टों का निरीक्षण किया। उन्होंने जगदीशपुर के तेंदुनी, धनगाई और शाहपुर के कुंडेश्वर चेक पोस्ट की बारीकी से जांच की। इस दौरान चेक पोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारियों एवं बल की उपस्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अवैध कैश, हथियार, ड्रग्स, शराब आदि पर सख्त निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही आदर्श आचार संहिता के पूर्ण पालन को सुनिश्चित करने पर बल दिया। मौके पर जगदीशपुर निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा, बीडीओ क्रांति कुमार, बिहिया बीडीओ मोनालिसा प्रियदर्शिनी, शाहपुर बीडीओ शत्रुंजय कुमार, जगदीशपुर थानाध्यक्ष राजीव रंजन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जनता दरबार का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददताता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें दो भूमि विवाद का मामला निष्पादन किया गया तथा एक भी नया मामला दर्ज नहीं किया गया। निष्पादन किये गये मामले में नावकोठी के रामसागर यादव व सोने लाल यादव के मामले में द्वितीय पक्ष के अभिरुचि नहीं लेने के कारण मामला प्रथम पक्ष के तरफ निष्पादन किया गया, वहीं हसनपुर बगर के यात्री देवी व कन्हैया चौधरी को सक्षम न्यायालय जाने का आदेश दिया गया। जनता दरबार में कुल अब 9 मामले लंबित है। मौके पर अंचलाधिकारी सूरज कुमार ए एस आई मो. इस्माइल, राजस्व कर्मचारी सिया राम सहनी, प्रधान सहायक विशेशवर पासवान तथा अन्य फरियादी मौजूद थे।

### बालिका दिवस पर विद्यालयों में जांच शिविर

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददताता)।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल, 2 स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। बी सीएम उषा कुमारी ने बताया कि बालिकायें प्रायः जानकारी के अभाव में एनीमिया से ग्रसित हो जाती है। बढ़ती उम्र के साथ शरीर को अधिक रक्त की आवश्यकता होती है। इसकी पूर्ति भोजन में आयरन युक्त खनिज लवण को शामिल करने की जरूरत है। इसके लिए हरी पत्तीदार साग, सब्जी, रागी, नोनी तथा पीले पके फलों को अपने भोजन में शामिल करने की अपील की। 675 बालिकाओं को एनीमिया की जांच की गई। इन्हें आयरन सीरप तथा टेबलेट उपलब्ध कराकर सेवन विधि बताई गई। मौके पर सीएचओ सूर्य भूषण, विक्रांत, स्वास्थ्य कर्मी बेबी, विश्व भारती, मंचन, जानकी, विभा, शालिनी, सीमा, दीपा, रीना आदि मौजूद थे।

### जदयू विधायक ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददताता)।** मटिहानी विधानसभा क्षेत्र के नगर निगम क्षेत्र में जदयू के निवर्तमान विधायक राजकुमार सिंह ने जनसम्पर्क अभियान चलाया। शनिवार को निवर्तमान विधायक श्री सिंह ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 25, 28 एवं 41 में मोटरसाइकिल से अपने समर्थकों के साथ सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। जनता से मिलकर आशीर्वाद लिया। श्री सिंह ने कहा की 16 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव में मटिहानी विधानसभा सीट से नामांकन में आने का न्योता भी दिया। लोगों ने उनके द्वारा किए गए विकास कार्य की सराहना की आमजन काफी उत्साहित दिखे एवं लोगों ने गर्मजोशी से सराहना की। उनके साथ पूर्व महापौर संजय सिंह, महानगर जदयू उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, सौरभ कुमार, धर्मेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।

### पांच वारंटी गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददताता)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से शनिवार को पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 40ध्12 के अभियुक्त थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी तिलकेश्वर साह के पुत्र इंद्रदेव साह, स्व भोला साह के पुत्र झूल्लू साह, स्व कारी साह के पुत्र सत्यनारायण साह एवं मैदा बभनगामा गांव निवासी स्व मोहम्मद उस्मान के पुत्र मोहम्मद हदीस जो थाना कांड संख्या 112/23 एवं वीरपुर पश्चिम गांव निवासी केदार सिंह के पुत्र सोनू कुमार थाना कांड संख्या 157/22 बिहार मध निषेध के नामजद अभियुक्त है। जिसको गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगुसराय न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया।

### मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददताता)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का में शनिवार को सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक शंभू महतो ने की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सुरक्षित शनिवार की वार्षिक सारणी के अनुसार अक्टूबर माह के दूसरे शनिवार में भगदड़ के बारे बताना है। इस टपिक को रोल प्ले के माध्यम से भी दिखाया गया। फोकल शिक्षक शुभम् कुमार द्वारा बताया गया कि जब भगदड़ की स्थिति बने तो सबसे पहले संयम रखें। इससे सोचने की क्षमता बढ़ेगी और हम सही निर्णय ले सकेंगे। मंच का संचालन वर्ग 7 के कमल किशोर ने की साथ ही वर्ग 8 की रितिका, कन्हैया, ईशा, वर्ग 7 की साक्षी ने इस कार्यक्रम में भागीदारी दिखाई। मौके पर शिक्षक सिकंदर साहनी, कुमारी साधना, पंकज कुमार, प्रियदर्शन कुमार, कुमारी लक्ष्मी आदि थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इवीएम प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी शहीद संजय सिंह महिला कॉलेज में चल रहे इवीएममॉक ड्रिल का औचक निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्वयं इवीएम द्वारा वोट डालकर मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षण कक्षों में जाकर प्रशिक्षण के गुणवत्ता का जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट निदेश दिया गया कि सभी पदाधिकारी/कर्मी इवीएम का प्रशिक्षण बहुत ही सूक्ष्मता के साथ करें। इवीएम के बारे में सभी प्रकार की जानकारी को ग्रहण करें विशेष परिस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया में वोटिंग के दिन इसकी आवश्यकता पड़ सकती है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों को सख्त निदेश दिया गया कि प्रशिक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उधर,बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निमित्त आज दो पाली में द्वितीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रथम पाली में 880 महिला एवं दूसरी पाली में 880 पुरुष का प्रशिक्षण निर्धारित। प्रथम पाली में 48 महिला एवं द्वितीय पाली में 27 द्वितीय मतदान पदाधिकारी प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण कर द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को विधिवत प्रशिक्षण देने की कार्रवाई का अनुश्रवण किया गया एवं सभी प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण सही ढंग से तत्परता के साथ लेने का निदेश दिया गया।

# डॉ. संजय कुमार झा को मिली पी.एच.डी. की उपाधि

## अत्यंत व्यस्तता के बावजूद यह उपलब्धि हासिल करना सराहनीय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बंजारी (रोहतास)।** डालमिया भारत सीमेंट लिमिटेड की कल्याणपुर स्थित इकाई के मानव संसाधन प्रमुख संजय कुमार झा को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वरनगर, दरभंगा द्वारा वाणिज्य संकाय के अंतर्गत प्रबंधन विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएच.डी) की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने ह्यूमेन रिसोर्स मैनेजमेंट इनसॉफ्टवेयर इंडस्ट्रीज इन इंडिया की स्पेशल रेफरेंस टू इंफोसिस विषय पर अपना शोधकार्य पूर्ण किया है। यह शोधकार्य विश्वविद्यालय के कुलपति की अनुशंसा पर परीक्षक मंडल द्वारा स्वीकृत किया गया। श्री झा ने यह शोध प्रो. एम. इसरार हसन खान (पूर्व कुलसचिव, एम.एम.एच.ए. एंड पी. यूनिवर्सिटी, पटना) के मार्गदर्शन में पूरा किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर डालमिया भारत सीमेंट लिमिटेड के सहकर्मियों एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ. झा को शुभकामनाएं दी हैं। किसी महत्वपूर्ण और व्यस्ततम पद पर रहते हुए डॉ झा द्वारा इस महत्वपूर्ण विषय पर शोध करना विशेष रूप से सराहनीय है। सभी ने कहा कि डॉ. संजय कुमार झा की यह सफलता क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरणा प्रदान करेगी।

# तीन नाबालिग बच्चों के साथ बाल तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज कुमार, प्रधान मुकेश कुमार दुबे, महिला आरक्षी प्रीति कुमारी सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन मिलकर डिहरी-ऑन-सोन रेलवे स्टेशन एरिया में चेकिंग गश्त कर रहे थे। उसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 3 के पश्चिमी अंतिम यात्री शेड से पश्चिम 3 नाबालिग बच्चों के साथ एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता नन्हकू चौधरी उम्र 39 वर्ष, पिता-स्वर्गीय ध्वाजा चौधरी, ग्राम-जरही, थाना-डंडई, जिला-गढ़वा (झारखण्ड) बताया एवं बताया कि तीनों नाबालिग बच्चे को बिल्डिंग में काम करवाने के लिए जयपुर/जोधपुर (राजस्थान) लेकर जा रहा हूं जिनसे आठ घंटे काम करवा कर प्रतिदिन 400/- देना बताया गया तथा बच्चों ने बताया कि हमें और हमारे माता-पिता को काम करने वाली जगह के बारे में कोई पता नहीं है। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उक्त व्यक्तियों के द्वारा बच्चों के माता-पिता को बहला फुसलाकर, पैसा का लालच देकर लेकर जाना पाया गया। बाद में मामला बाल तस्करी/मजदूरी का पाकर सभी 03 नाबालिग बच्चों तथा चाइल्ड ट्रैफिकर को अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु मय कागजात राजकीय रेल थाना-डिहरी-ऑन-सोन पर ले जाया गया जिसके आलोक में राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन सोन पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# डिहरी विधायक फते बहादुर का चिलबिला में लोगों ने किया विरोध

## चलती गाड़ी से युवक को विधायक का पीए ने फेंका, युवक जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ीगोला।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र के आयरकोठा के समीप चिलबिला गांव में शनिवार दोपहर विधायक फते बहादुर सिंह ने दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा जन संवाद कार्यक्रम कर वापस लौटने के दौरान लोगों ने विरोध किया। गाड़ी को रोका और कहा पांच सालों में आपने पहली बार चिलबिला गांव में कदम रखे हैं तो मां काली का दर्शन कर आशीर्वाद ले लीजिए। इतना कहते ही विधायक फते बहादुर सिंह भड़क उठे। आग बबूला हो गये। इतने में उनके समर्थकों ने लोगों को हटाने कि कोशिश किया, लेकिन लोग पुरानी बातों को याद दिलाते हुए अपनी बातों पर अड़े रहे। कहा कि विधायक देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करता रहता है। इतने में विधायक का पीए आया और विरोध कर रहे लोगों को गाली देने लगा। उक्त स्थल पर मौजूद युवक आक्रोशित हो उठे और मुर्दाबाद का नारा लगाने लगे। वहीं विधायक के समर्थकों ने विरोध करने वाले युवक के साथ हाथापाई व मारपीट करने पर उतारू हो गये। विरोध करने वाले दर्जनों युवक थे, लेकिन उसी में से एक विंध्याचल राय वर्मा का पुत्र राहुल कुमार को विधायक का पीए अपने चलती गाड़ी में कॉलर पकड़कर जबरदस्ती अपने गाड़ी में खींच कर बैठा लिया। वहीं मौजूद लोगों ने राहुल को गाड़ी से उतरने को कहा तो चलती गाड़ी से पीए ने धक्का मारते हुए गिरा दिया जहां राहुल को गंभीर चोट लगी है। मुंह के कई जगहों पर निशान पड़ गए हैं। लहू से लथपथ हो गया। स्थानीय लोगों ने विधायक को खदेड़ा। वहीं दूसरी ओर आनन-फानन में जख्मी राहुल को अकोढीगोला पीएससी ले गए जहां फर्स्ट ट्रीटमेंट कराया। वहीं डाक्टरों ने उच्च इलाज के लिए उसे सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया। राहुल ने आयरकोठा थाने में लिखित आवेदन देकर तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने का थानाध्यक्ष से गुहार लगाया है। जहां विधायक फते बहादुर सिंह, वीरेंद्र यादव और बरांव कला पैक्स अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता शामिल है। इस संदर्भ में विधायक फते बहादुर सिंह ने बताया कि चिलबिला गांव में जन संवाद करने गए थे। जन संवाद कर वापस लौटने के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने मेरी गाड़ी रोककर गलत तरीके से व्यवहार किया। इस संदर्भ में मैं एसपी को लिखित आवेदन दूंगा।

# स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छ जल के लिए चला अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत डीडीयू मंडल ने 'स्वच्छ नीर दिवस' मनाया। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कार्यालय परिसरों आदि में जल स्रोतों की गहन सफाई और निरीक्षण किया गया। जल भंडारण टैंकों और पाइपलाइन नेटवर्क की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। स्टेशनों पर पेयजल नलों, जल वेंडिंग मशीनों आदि की सफाई की गई। कोचों में जल भराव बिंदुओं पर हाइड्रेंट पाइप की स्टैकिंग और स्वच्छता की जांच की गई। स्टेशनों पर यात्रियों हेतु नल से उपलब्ध पानी की गुणवत्ता भी जांची गई। जल परीक्षण किटों की उपलब्धता और जल गुणवत्ता से संबंधित रजिस्टरों की समीक्षा की गई। रेलवे परिसरों में जलभराव की संभावनाओं वाले स्थलों की सफाई की गई। मंडल ने यह सुनिश्चित किया कि यात्रियों को सभी सेवा स्थलों पर गुणवत्तायुक्त पेयजल उपलब्ध हो और कहीं भी जल जमाव न हो।

इसी क्रम में, मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 'अमृत संवाद' कार्यक्रम भी जारी रहा। यात्रियों से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से उनके यात्रा अनुभव, जल सुविधाओं की स्थिति और स्वच्छता से जुड़ी अपेक्षाएं जानी गईं। यात्रियों ने पेयजल की उपलब्धता, साफ-सफाई और रखरखाव से संबंधित अपने विचार साझा किए। डीडीयू मंडल द्वारा आज का निरीक्षण और सफाई कार्य यात्रियों की सुविधा और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# अधिकारियों ने शहर के छठ घाटों का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** आगामी छठ पूजा की तैयारी हेतु अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, भभुआ द्वारा विभिन्न छठ घाट का किया निरीक्षण। भगवान नगर परिषद अंतर्गत छठ घाटों के निरीक्षण क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, भभुआ को कई आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अंतर्गत सभी छठ घाटों की साफ-सफाई ससमय पूर्ण कराने, खतरनाक घाटों को चिन्हित करने, घाटों की बैरिकेडिंग करने, घाटों पर स्लोप ठीक करने, दलदली एवं गहरे पानी वाले घाटों को चिन्हित कर उसे ठीक करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में पाठशाला के बच्चों को मिला निमंत्रण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरा



**तिलौथू/डिहरी।** समाजसेवा और जन जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए स्थानीय स्तर पर बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन आगामी 15 अक्टूबर को डिहरी पाली रोड स्थित श्री साईं आरोग्यम हर्बल हॉस्पिटल में होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित होंगे और उन्हें निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ मिलेगा। शिविर को मुख्य रूप से फिजियोथैरिपी डॉ. सावन कुमार निषाद (डिहरी) द्वारा बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र परीक्षण, दांत और त्वचा संबंधी जांच की जाएगी। बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सुझाव के साथ के 15 दिन की मुफ्त दवा भी दी जाएगी, ताकि वे अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता और पोषण पर विशेष ध्यान दें। शिविर में उपस्थित होने के लिए बच्चों ने हाथों में पोस्टर लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच अभियान के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया और डॉक्टर साहब के प्रति आभार जताया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है ताकि भविष्य में कोई बच्चा स्वास्थ्य समस्याओं के कारण शिक्षा या विकास से वंचित न रह जाए। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार सत्यानंद कुमार उपस्थिति रहे जिन्होंने इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। निःशुल्क पाठशाला में पढ़ने वाले सभी 500 बच्चों के साथ उनके माता-पिता व पड़ोसी को भी इस स्वास्थ जांच शिविर में आने को प्रेरित किया गया है। डॉ. सावन कुमार निषाद ने कहा 'स्वस्थ बालक ही देश का भविष्य हैं और यदि समय-समय पर उनकी जांच होती रहे तो कई बीमारियों से बचाव संभव है।'

# कट्टा व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संझौली।** शुक्रवार की रात 12:30 बजे गुप्त सूचना के आधार पर नोखा-बक्सर नहर से मसौना जाने वाले मोड़ के पास से अपराध की योजना बना रहे पांच अपराधियों में से दो को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। तीन अपराधी पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में मसोना गांव निवासी, छोटू कुमार उर्फ सनोज कुमार उम्र 25 वर्ष, पिता- स्व धनजी सिंह को लोडेड कट्टा व एक कारतूस के साथ व विरू कुमार (उम्र 21 वर्ष), पिता- अंबिका प्रसाद चन्द्रवंशी को एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में पुलिस को चकमा देकर भागे तीन अपराधी में मसोना गांव निवासी अमर जीत कुमार उर्फ लकठू, पिता-धितेन्द्र सिंह, प्रिंस कुमार उर्फ भुवन, पिता-अवधेश सिंह, चंदन कुमार, पिता-राजेंद्र सिंह, ग्राम-रामपुर, थाना- नटवार को गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी की जा रही है। अपराध कर्मियों के बिरुद्ध कांड संख्या-192/25, धारा-25, 26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज कर शेष अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

# स्टेशनों पर यात्रियों से रेल सेवा के संबंध में अमृत संवाद जारी

## डीडीयू मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मना स्वच्छ आहार दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डीडीयू मंडल ने 'स्वच्छ आहार दिवस' मनाया। इस अवसर पर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर स्थित कैंटीनों, फूड स्टॉलों और पैंट्री कारों में गहन सफाई अभियान चलाया गया। खाद्य भंडारण क्षेत्रों, बर्तनों की सफाई व्यवस्था और कचरा निस्तारण की प्रक्रिया की विशेष रूप से जांच की गई। खाद्य विक्रेताओं, रसोइयों और सेवा कर्मियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच और साफ-सुथरे संचालन के लिए जागरूक किया गया। सफाई के साथ-साथ गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण के लाभों को समझाया गया तथा संबंधित स्थलों पर उपयुक्त डस्टबिन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इन प्रयासों का उद्देश्य खानपान इकाइयों में स्थायी स्वच्छता सुधार लाना और यात्रियों को सुरक्षित व स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना है। साथ ही डीडीयू मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर आज भी 'अमृत संवाद' कार्यक्रम सक्रिय रूप से जारी रहा। इस संवाद का उद्देश्य यात्रियों से प्रत्यक्ष बातचीत के माध्यम से उनकी यात्रा अनुभवों, खानपान सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता सुझावों और सेवा सुधार की अपेक्षाओं को समझना है। यात्रियों ने स्टेशन परिसर, पैंट्री सेवा, जल व्यवस्था और सफाई से जुड़ी अपनी राय साझा की। डीडीयू मंडल ने आज के समवर्ती प्रयासों के माध्यम से स्वच्छता, जन सहभागिता और सेवा गुणवत्ता को सशक्त किया है। मंडल आगामी दिनों में भी स्वच्छता पखवाड़ा के कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से जारी रखेगा।

# शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**चेनारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के खुरमाबाद मध्य विद्यालय के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक शराब कारोबारी को 6 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया जो रामबली राम के पुत्र संतोष राम बताया गया जो खुरमाबाद का बताया गया। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया अग्रिम कार्रवाई कर जांच के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा नोटिस**

**सं०– 37 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं०–20–डीडीयू–व०मं०इंजी०–मुख्यालय –25–26**
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में कैपिटल स्टोर डिपो/बॉक्सएन का विस्तार।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 31205963.46, **(iii) धरोहर राशि:** रू० 306000.00

**निविदा सं०–21–डीडीयू–व०मं०इंजी०–मुख्यालय –25–26**
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में महिला आरपीएफ एस्कॉर्ट पार्टी के लिए 10 बिस्तरों वाले महिला आरपीएफ बैरक का निर्माण।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 6352389.88, **(iii) धरोहर राशि:** रू० 127100.00

**निविदा सं०–22–डीडीयू–व०मं०इंजी०–मुख्यालय –25–26**
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में अतिथि अधिकारी कक्ष, आरपीएफ कैंटीन, आरपीएफ रिजर्व कंपनी बैरक और आरपीएफ कार्यालयों का नवीनीकरण।, **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 15183993.10, **(iii) धरोहर राशि:** रू० 225900.00

**(vii) सभी ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 31.10.2025 को 12:00 बजे तक, **(viii) वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**

**नोटः विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।**

**मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/1143/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/25–26/52

# आंगनबाड़ी केंद्रों में मतदान के लिए दिलायी गयी शपथ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस।** करगहर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने और निष्पक्ष मतदान के लिए प्रशासन की ओर से जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। शनिवार को प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मतदान करने की शपथ दिलायी गयी। मतदाताओं से 'वोट करें-बिहार गढ़ें' के नारों के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं ने शपथ ली कि वे विधानसभा चुनाव में अवश्य मतदान करेंगे और अपने मत से बिहार की तकदीर और तस्वीर बदलने में भागीदारी करेंगे। कार्यक्रम का नेतृत्व विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं ने की।

# ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन व सासाराम रेलखंड के कुदरा रेलवे स्टेशन के समीप मालगाड़ी से कटकर शनिवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना पर आसपास के लोग घटनास्थल पहुंच गए। लोगों ने शव की पहचान के लिए काफी कोशिश की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी रेलवे पुलिस व कुदरा पुलिस को दी। हालांकि समाचार लिखे जाने तक शव कॉरिडोर पटरी पर ही पड़ा था।

# हजरत बिजली शहीद की मजार पर सलाना उर्स का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** सासाराम के प्रतिष्ठित और प्राचीन हजरत बिजली शहीद की मजार पर सलाना उर्स जलसे का आयोजन किया गया। उर्स का यह जलसा तीन दिनों का था जिसमें गुसल, कुरान खानी और चादरपोशी शामिल थी। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मजार पर उपस्थित हुए और दुआ की। उर्स के इस पाक मौके पर मजार के सज्जादानशीन सैयद सुहैल इमाम बर्क समनानी की तरफ से मजार पर आए हुए श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की गई थी और देर रात तक उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध कव्वालों द्वारा कव्वाली के कार्यक्रम की भी व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर रोहतास जिले के आसपास के कई जिलों के श्रद्धालु जाति धर्म और पंथ का भेद भूल कर बड़ी संख्या में मजार पर पहुंचे थे। मौके पर सज्जादानसीन सैयद सुहेल इमाम बर्क समनानी ने कहा कि पूरे विश्व में अमन और चैन कायम हो सभी इंसानियत के साथ एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होकर रहें सभी स्वस्थ हो और सुखी हो इसके लिए आज उर्स के पाक मौके पर दुआ की जा रही है। लोगों के बीच भाईचारा बढ़े देश दुनिया मैं शांति हो और सद्भाव के साथ मानवता कायम रहे इसकी दुआ की गई है। इस अवसर पर मुजफ्फर इमाम, हैदर इमाम, तनवीर इमाम, दानिश इमाम, अलख निरंजन, संजय यादव, राहुल कुमार, रंजन बैठा, कृष्णकांत, गोपाल पांडेय, राजवंश सिंह, साजिद अली, आसिफ अली, अली हुसैन, सरवर खान, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद यासीन, शाहरुख खान सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## संतोष कुशवाहा : दल-बदल की राजनीति या सियासी पुनरुत्थान

# राजद के साथ शुरू हुआ राजनीति का नया सफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बायसी की धरती जानती है कि संतोष कुशवाहा ने राजनीति में अपनी अलग छवि बनाई। सत्ता के सपने बुने, जनता की उम्मीदों को अपनाया और सीमांचल में अपनी पहचान स्थापित की। लेकिन आज वही पहचान सवालों की गिरफ्त में है।

कौन हैं असली कुशवाहा? वही जो पहले भाजपा की छाया में खड़े थे, फिर जदयू की राह पर चले और अब राजद के मंच पर नई राजनीतिक राह तलाश रहे हैं। 2010 में कुशवाहा भाजपा के टिकट पर बायसी से विधायक बने। उनकी जीत सिर्फ व्यक्तिगत विजय नहीं थी, बल्कि यह साबित करती थी कि सीमांचल में कुशवाहा समाज और स्थानीय संगठन की ताकत किसी भी राजनीतिक समीकरण को बदल सकती है। यह वह पल था जब उन्होंने अपनी सियासी जड़ें गहरी कीं और अलग पहचान बनाई। विधायक का पद उनके



राजनीतिक प्रभाव को सीमित कर रहा था। 2014 में उन्होंने भाजपा छोड़कर जदयू का दामन थामा और पूर्णिया लोकसभा सीट से लगभग 4.18 लाख वोटों के बहुमत के साथ संसद पहुँचे। 2019 में उनकी जीत और भी मजबूत हुई—लगभग 6.32 लाख वोटों के साथ। जनता की उम्मीदों को संसद में बदलने का यह उनका सबसे बड़ा राजनीतिक क्षण था।

लेकिन हर चमक के पीछे चुनौती छुपी होती है। 2024 में पप्पू यादव से हार केवल चुनावी हार नहीं थी, बल्कि जनता के विश्वास में दरार का स्पष्ट संकेत थी। लगभग 5.66 लाख वोटों के बावजूद परिणाम ने दिखाया कि केवल सत्ता के करीब रहना पर्याप्त नहीं, जनता के निरंतर भरोसे और उम्मीदों की स्थिरता ही असली आधार है। अब कुशवाहा ने जदयू छोड़कर राजद का दामन थामा। समर्थक इसे ह्लराजनीतिक नया अध्यायह्व बता रहे हैं, वहीं आलोचक इसे ह्लपुनरुद्धार की आखिरी उम्मीदह्व मान रहे हैं। सवाल यही है: क्या राजद उन्हें वह मंच देगा जो जदयू में अधूरा रह गया? क्या धमदाहा या पूर्णिया में उनका चुनाव अभियान इतना प्रभावशाली होगा कि मतदाता कहें—ह्लयह वही नेता है जिसने अनुभव और सीख को अपनाया, न कि केवल दल बदलाह्व?

राजनीति में निष्ठा सबसे बड़ी पूँजी है। कुशवाहा का राजनीतिक सफर दिखाता है कि विचारधारा बदल सकती है, लेकिन जनता की यादें लंबी और स्थिर होती हैं। जीतें याद रहेंगी, लेकिन भरोसा और स्थिर नेतृत्व का मूल्य तभी समझा जाएगा। अब राजद के मंच से उन्हें यह साबित करना है कि वे केवल ह्यदल बदल कर चुनावी अवसर खोजने वाले नेताह्न नहीं हैं, बल्कि ह्यस्थिर और भरोसेमंद नेतृत्वह्न की पेशकश कर सकते हैं।

यह कहानी अब केवल चुनाव की नहीं, बल्कि छवि, भरोसे और पहचान की है। यदि जनता उन्हें विजेता के साथ-साथ वफादार और विश्वासयोग्य नेता के रूप में स्वीकार करती है—तो आज का यह कदम इतिहास में ह्यपुनरुत्थानह्न के रूप में दर्ज होगा। वरना, यह दल-बदल की राजनीति उनका पतन तय करेगी, न कि उनकी राजनीतिक पुनरावृत्ती।

---

पूर्णिया पुलिस की सख्त कार्रवाई

## 23 अभियुक्त गिरफ्तार, वाहन चेकिंग में 5.95 लाख का जुर्माना

**पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्णिया पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिले में 10 अक्टूबर को चलाए गए विशेष छापेमारी एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 23 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें 7 जमानतीय वारंट और 5 अन्य कांडों से जुड़े अभियुक्त शामिल हैं। पुलिस की कार्रवाई में 130 लीटर देशी शराब और 4.820 लीटर विदेशी शराब की बरामदगी हुई, साथ ही 300 ग्राम गांजा भी जब्त किया गया। अपराध नियंत्रण और नशे के खिलाफ यह अभियान जिलेभर में लगातार जारी है। पुलिस ने इस दौरान एक चार चक्का वाहन और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। वहीं वाहन चेकिंग अभियान में 5,95,000 रुपया का जुमार्ना वसूला गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था बनाए रखने और चुनाव पूर्व जिले में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। प्रशासन ने साफ कहा है कि अवैध गतिविधियों में लिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

---

## विवाहिता की संदिग्ध मौत

# पति समेत दो व्यक्ति गिरफ्तार, गांव में सन्नाटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**के नगर/पूर्णिया।** के केनगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत वार्ड-1 स्थित बैरगाछी भोला पासवान शास्त्री टोला में बीते गुरुवार रात 30 वर्षीय विवाहिता जूली देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के तीसरे दिन ही पुलिस ने नामजद पति और हत्यारोपी के तौर पर फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पति 32 वर्षीय सेवल पासवान, पिता मांगन पासवान है। उसे आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में पूर्णिया भेज दिया गया। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को मृतका के पिता, 50 वर्षीय चंदेश्वरी पासवान ने केनगर थाना में आवेदन देकर अपनी पुत्री की हत्या का आरोप अपने दामाद सेवल पासवान और अन्य पर लगाया। नामजद आरोपियों में दामाद की भाभी बागसेप्ती देवी (पति स्व. नवल पासवान), सुरेश पासवान (पिता स्व. घोलटू पासवान), फूलों पासवान (पिता दयानंद पासवान), पुतूल देवी (पति मंजीत पासवान) और भुदनी देवी (पति पप्पू पासवान) शामिल हैं। घटना के समय ये सभी आरोपी फरार चल रहे थे। घटना के बाद मृतका का घर सुना पड़ा है और पूरे गाँव में शोक और चिंता का माहौल है। मृतका अंजु देवी का दाह संस्कार शुक्रवार को ही गाँव के श्मशान में किया गया, जिसमें उनके पुत्र शनि कुमार ने मुखाग्नि दी। पूरा मामला अब न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ रहा है और पुलिस पूरे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

---

## करवा चौथ : चांद के संग जागती रहीं सुहागिनों की आस्था, प्रेम व परंपरा का अमिट प्रतीक बना व्रत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** सुहागिनों की अटूट आस्था, समर्पण और प्रेम का पर्व करवा चौथ बीते 10 अक्टूबर की रात व्रत खोलने के साथ ही संपन्न हो गया। दिनभर निर्जला व्रत रखकर पतियों की लंबी उम्र और दांपत्य सुख की कामना करने वाली महिलाओं ने जब आकाश में पूर्ण चांद का दीदार किया, तो उनके चेहरे श्रद्धा और स्नेह की चमक से जगमगा उठे। यह सिर्फ एक व्रत नहीं, बल्कि भारतीय नारी के अटूट विश्वास और प्रेम की अनंत गाथा का प्रत्यक्ष उदाहरण बन गया।

सुबह से ही शहर से लेकर गांव तक के घरों में पारंपरिक रौनक दिखी। हाथों में मेंहदी की लाली, सोलह श्रृंगार की आभा और पूजा थालों की सुगंध ने वातावरण को पूर्णतः धार्मिक बना दिया। सास-बहू, बहन-बेटी और सहेलियों के बीच करवा चौथ की रस्में सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि पीढ़ियों को जोड़ने वाली भावनात्मक कड़ी बन गई।

शाम ढलते ही हर चौक-चौराहे, छत और आंगन में महिलाओं की टोली सजधजकर करवा पूजन में जुट गई। सुहागिनों ने मिट्टी के करवे में जल और चावल अर्पित कर देवी गौरी और गणेश की आराधना की। फिर जब चांद ने अपनी रजत आभा बिखेरी, तो छलनी से पति का चेहरा निहारतीं महिलाओं



की आंखों में भक्ति और प्रेम का अद्भुत संगम झलक उठा।

इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यही रही कि बदलते समय के बावजूद आस्था का यह स्वरूप आज भी उतना ही जीवंत है जितना सदियों पहले था। आधुनिकता के दौर में भी यह पर्व रिश्तों में स्नेह और समर्पण की परंपरा को नई ऊर्जा देता है।

करवा चौथ ने एक बार फिर साबित कर दिया कि भारतीय नारी के लिए व्रत और उपवास केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि प्रेम और परिवार की अमर परंपरा का जीवंत प्रतीक हैं। हर सुहागिन के माथे की बिंदी, हाथों की मेंहदी और आंचल की लाली ने इस रात को सच्चे अर्थों में ह्यआस्था की चांदनी रातह्न बना दिया।

---

## अपराध नियंत्रण को लेकर पूर्णिया पुलिस सक्रिय

### एसपी के निर्देश पर चला वाहन जांच अभियान

**पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत पूर्णिया के आदेश पर 11 अक्टूबर 2025 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य अपराध नियंत्रण के साथ-साथ असामाजिक तत्वों पर सख्त निगरानी रखना था। इस दौरान पुलिस बल ने मुख्य सड़कों, चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में वाहनों की गहन जांच की तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की। अभियान के दौरान पुलिस ने आवश्यक दस्तावेजों की जांच करते हुए बिना कागजात के चल रहे वाहनों पर कार्रवाई की। वहीं, कई स्थानों पर लोगों को यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूक भी किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह अभियान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में शांति व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार जारी रहेगा।

---

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में ए.एम.आर. स्टूअर्डशिप ड्राइव 2025 का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बढ़ती एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस (AMR) की समस्या से निपटने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री- फूड एंड एग्रीकल्चर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा इंडियन फेडरेशन ऑफ एनिमल हेल्थ कंपनीज के संयुक्त तत्वावधान में ए.एम.आर. स्टूअर्डशिप ड्राइव 2025 का तीसरा सत्र बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशु और कृषि क्षेत्र में एंटीबायोटिक के जिम्मेदार उपयोग, क्षमता निर्माण और जागरूकता को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. जे. के. प्रसाद, डीन, बिहार वेटरनरी कॉलेज के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने एंटीबायोटिक के विवेकपूर्ण उपयोग पर बल देते हुए कहा कि ए.एम.आर. केवल चिकित्सकीय नहीं बल्कि सामाजिक और व्यवहारिक समस्या भी है। डॉ. शिरीष निगम, अध्यक्ष, इंडियन फेडरेशन ऑफ एनिमल हेल्थ कंपनीज और प्रबंध निदेशक, ई.डब्लू न्यूट्रीशन इंडिया ने कहा कि 'विकसित भारत का सपना तब तक अधूरा है, जब तक ए.एम.आर. जैसी चुनौती से हम प्रभावी ढंग से नहीं निपटते।'

**■ पशु स्वास्थ्य में जागरूकता और जिम्मेदार एंटीबायोटिक उपयोग पर दिया गया जोर**

प्रो. (डॉ.) पी. के. शुक्ला, अध्यक्ष, इंडियन पोल्ट्री साइंस एसोसिएशन ने बायोसेक्योरिटी उपायों के माध्यम से रोकथाम पर बल दिया। डॉ. डी. सी. वर्मा, विधायक (उत्तर प्रदेश) एवं अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश वेटरनरी काउंसिल ने पुराने और वर्तमान पशु-चिकित्सकीय व्यवहारों की तुलना करते हुए ए.एम.आर. नियंत्रण में पशु चिकित्सकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। माननीय कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने अपने उद्बोधन में स्वच्छता, प्रतिरोधक क्षमता और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 'ए.एम.आर. से लड़ाई जागरूकता से शुरू होती है और जिम्मेदार व्यवहार पर समाप्त होती है— चाहे वह प्रयोगशालाओं में हो या खेतों में।'

कार्यक्रम के अंतर्गत 'बी एंटीबायोटिक स्मार्ट- द फ्यूचर इज इन योर हैंड्स' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें डॉ. कुशाग्र आनंद (एमवीएससी., बिहार वेटरनरी कॉलेज) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, डॉ. प्रीति सेन वर्मा द्वितीय तथा आकृति कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। डॉ. कावेरी गांगुली, प्रिंसिपल लीड, CII–FACE ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए संगठन के सतत प्रयासों का उल्लेख किया, जो किसानों और पशु चिकित्सकों को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और जागरूकता के माध्यम से सशक्त बना रहे हैं। इस कार्यक्रम में बिहार वेटरनरी कॉलेज तथा संजय गांधी डेयरी टेक्नोलॉजी संस्थान के शिक्षकों, विद्यार्थियों, बिहार सरकार के पशुपालन विभाग के वैज्ञानिकों तथा प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन सचिव डॉ. कौशलेंद्र कुमार, संयोजक डॉ. अंजय एवं डॉ. स्यूली साहा राय, सह-संयोजक डॉ. भूमिका, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार और डॉ. सोनी कुमारी थीं। तकनीकी सत्रों का संचालन डॉ. पी. कौशिक और डॉ. संतोष कुमार गुप्ता ने किया। यह आयोजन पशु स्वास्थ्य क्षेत्र में एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस से निपटने के लिए साझेदारी और जागरूकता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

---

## अमौर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी हलचल चरम पर, प्रशासन ने कसी कमर

# 3 लाख से अधिक मतदाता तय करेंगे सियासी समीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर/पूर्णिया।** विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित होते ही अमौर विधानसभा का सियासी तापमान अचानक चढ़ गया है। बायसी अनुमंडल कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया की औपचारिक तैयारी पूरी होते ही संभावित प्रत्याशियों के बीच राजनीतिक गहमा-गहमी तेज हो गई है। हर दल अपने-अपने समीकरण साधने में जुट गया है, जबकि प्रशासन निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान को लेकर मुस्तैद दिख रहा है।अमौर प्रखंड के सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राजा राम पंडित ने जानकारी दी कि अमौर विधानसभा क्षेत्र में द्वितीय चरण में 11 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि नामांकन 13 से 20 अक्टूबर तक, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 21 अक्टूबर को और अभ्यर्थिता वापसी 23 अक्टूबर तक होगी। मतदान 11 नवंबर को और मतगणना 14 नवंबर को निर्धारित की गई है।

उन्होंने कहा कि चुनाव संचालन को लेकर सभी प्रारंभिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बूथों पर आवश्यक सुविधाओं की जांच हेतु सेक्टर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें प्रत्येक बूथ का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की प्रशासनिक कमी न रह जाए। अमौर विधानसभा क्षेत्र में कुल 378 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 3 लाख 11 हजार 494 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 68 हजार 161 पुरुष और 1 लाख 43 हजार 323 महिला मतदाता शामिल हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अमौर की यह लड़ाई इस बार दलगत समीकरणों से अधिक जनसरोकारों पर केंद्रित होगी। जहां एक ओर सत्तारूढ़ दल अपनी विकास योजनाओं के दम पर जनता को लुभाने में जुटा है, वहीं विपक्षी दल परिवर्तन के मुद्दे को हथियार बना कर मैदान में उतरने की रणनीति तैयार कर रहे हैं। कुल मिलाकर, अमौर का यह चुनाव सिर्फ प्रत्याशियों की नहीं, बल्कि जनता के राजनीतिक जागरूकता की भी अग्निपरीक्षा बनने जा रहा है।

---

## मतदाता जागरूकता व पोषण माह : पूर्णिया में किशोरियों की साइकिल रैली ने युवा ऊर्जा का संदेश दिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** अंशुल कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के सभी प्रखंडों में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिकाओं के नेतृत्व में आँगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा पोषण माह के कार्यक्रमों के साथ-साथ स्वीप से जुड़ी विविध गतिविधियों का आयोजन किया। इस अवसर पर पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं को लोकतंत्र में एक मत की शक्ति और महत्व पर विशेष रूप से जागरूक किया गया।

मतदान और मताधिकार के महत्व पर केंद्रित सत्रों के माध्यम से युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया। मतदाता जागरूकता को जीवंत बनाने के लिए किशोरियों ने उत्साह और उमंग के साथ साइकिल रैली निकाली, जिसने पूरे जिले में लोकतांत्रिक चेतना और युवा ऊर्जा की नई लहर पैदा की।

---

# बालिकाओं ने लोकतंत्र में शक्ति का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** आगामी विधानसभा चुनाव की संवेदनशील राजनीति को ध्यान में रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले के आरक्षित मध्य विद्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। बालिकाओं के सशक्तिकरण और लोकतंत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी को लेकर आयोजित इस कार्यक्रम का मकसद नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा निर्धारित थीम 'मैं कौन हूँ और बदलाव की अगुवाई कैसे करती हूँ' के तहत संवाद सत्र हुआ।

कार्यक्रम में वोट की महत्ता और लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया गया। महिला मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बालिकाओं को यह जिम्मेदारी दी गई कि वे अपने परिवार और समाज के अन्य सदस्यों को मतदान के दिन अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें। बाल विकास



परियोजना पदाधिकारी, पूर्णिया सदर और ग्रामीण क्षेत्र, साथ ही महिला एवं बाल विकास निगम के कर्मी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और बच्चों तथा आम नागरिकों में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस आयोजन ने न केवल बालिकाओं के सशक्तिकरण का संदेश दिया, बल्कि आगामी चुनावों में नागरिकों की भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया।

---

## सप्तशक्ति संगम : मां दुर्गा सरस्वती शिशु मंदिर की पहल

### उत्साह और अनुशासन से सजी तैयारी, विद्या भारती के बच्चों और शिक्षकों ने दिखाया जोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी /पूर्णिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्या भारती की इकाई मां दुर्गा सरस्वती शिशु मंदिर में आगामी 14 अक्टूबर को आयोजित होने वाले 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम की तैयारियाँ पूरे उत्साह के साथ जोरों पर हैं।

शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे लोक शिक्षा समिति, बिहार के प्रदेश सचिव रामलाल सिंह, पूर्णिया विभाग निरीक्षक सह प्रवासी कार्यकर्ता गणेश प्रसाद मौर्य, पूर्णिया विभाग संयोजक वीरेंद्र मेहता, और पूर्णिया संकुल संयोजक व विद्यालय कोषाध्यक्ष विन्देश्वरी महतो। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा का गहन अवलोकन किया और आयोजन को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

प्रदेश सचिव रामलाल सिंह ने कहा, 'सप्तशक्ति संगम केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह समाज में संस्कार, शिक्षा और



राष्ट्रभावना को प्रबल करने का अवसर है। इस आयोजन की सफलता हेतु हम विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हैं।'

वहीं, वीरेंद्र मेहता और गणेश प्रसाद मौर्य ने कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, समयबद्धता और सांस्कृतिक प्रस्तुति की गुणवत्ता पर विशेष जोर देने की सलाह दी। विद्यालय परिवार में उत्साह और ऊर्जा देखने को मिल रही है। शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक मिलकर इसे स्मरणीय और प्रभावशाली बनाने की दिशा में जुटे हैं, जिससे यह आयोजन प्रखंड के शिक्षा एवं सांस्कृतिक जीवन में यादगार बने।

---

## लोकनायक जयप्रकाश नारायण : संपूर्ण क्रांति के ऋषि, जिन्होंने जनमानस में जागृत की परिवर्तन की अग्नि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, सामाजिक न्याय और नैतिक राजनीति के अमर प्रवक्ता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती जयप्रकाश समाज सेवा संस्थान में वैदिक मंगल ध्वनि और श्रद्धा-सुमन के साथ मनाई गई। संस्थान परिसर में स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर सर्वप्रथम पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रपथ के इस युगपुरुष को नमन किया गया।

संस्थान के सचिव कुमार उत्तम सिंह ने लोकनायक को आधुनिक भारत का वह तपस्वी बताया, जिन्होंने सत्ता को नहीं, बल्कि समाज को अपना धर्म माना। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण का जीवन 'त्याग, संघर्ष और सेवा'



की वह त्रिवेणी है, जिससे आज भी राष्ट्र का चेतन प्रवाह निर्मल होता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जेलों की काल कोठरियों में बिताए उनके दिन, राष्ट्र की आत्मा में लिखी वह गाथा है जो आने वाली पीढ़ियों को सतत जागृति का संदेश देती है।लोकनायक न केवल आजादी के सेनानी थे, बल्कि स्वतंत्र भारत में संपूर्ण क्रांति के प्रणेता बनकर उन्होंने राजनीति को नैतिकता का आयाम दिया। उनका आह्वान था—'क्रांति केवल शासन परिवर्तन नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर के अन्याय और भ्रष्टाचार के विरुद्ध आत्मक्रांति है।'

उनकी इसी पुकार ने देश के जनमानस में नवजागरण की ज्वाला भड़काई और तत्कालीन सत्ता को झुकने पर विवश कर दिया।सचिव ने यह भी कहा कि यह वही पवित्र भूमि है, जहां से लोकनायक ने असहयोग आंदोलन की अगुवाई की थी। यह स्थल आज भी उस युग की साक्षी है जब स्वतंत्रता के लिए जनसागर उमड़ पड़ा था। यहां की मिट्टी में आज भी क्रांति की सुगंध बसती है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, युवजन और महिलाएं शामिल रहीं। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि लोकनायक के आदर्श— सत्य, अहिंसा, लोकहित और नैतिक राजनीति— को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उतारेंगे। जयप्रकाश का जीवन यह सिखाता है कि जब सत्ता अहंकार में अंधी हो जाए, तब जनशक्ति ही राष्ट्र का असली धर्मग्रंथ बन जाती है। आज उनकी जयंती केवल स्मरण का दिवस नहीं, बल्कि आत्मावलोकन का क्षण है— कि क्या हम उस भारत के प्रति अपने दायित्व को निभा रहे हैं, जिसकी कल्पना लोकनायक ने की थी।

---

## परमान नदी का जलस्तर बढ़ने से अमौर में बाढ़ और कटाव का खतरा, 40 परिवार दहशत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर/पूर्णिया।** प्रखंड अंतर्गत लगातार दो दिनों से परमान नदी के जलस्तर में वृद्धि ने तराई क्षेत्र के साथ-साथ कई गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ा दिया है। नदी के बढ़ते पानी से अब कटाव की स्थिति भी गंभीर होती जा रही है। मच्छट्टा पंचायत के कोच्का किशनपुर वार्ड नंबर छह में परमान नदी का पानी तेजी से किनारों को काट रहा है, जिससे करीब 40 परिवारों के घर अब सीधे खतरे की जद में आ गए हैं।

ग्रामीण कारे चौधरी, अगम चौधरी, मोहन चौधरी, दिलीप चौधरी, निवि लाल चौधरी, जगदीश चौधरी, मो. मुंतासिर, मो. कबीर, वरुण कुमार, बीबी खुशबून और रूपा देवी सहित कई लोगों ने बताया कि नदी अब महज 50 फीट की दूरी पर आ चुकी है। अगर प्रशासन ने समय रहते कटाव निरोधी कार्य नहीं कराया, तो कभी भी पूरा गांव नदी में समा सकता है। ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि उनके पास वैकल्पिक जमीन नहीं है, इसलिए विस्थापन की स्थिति उनके लिए बेहद कठिन होगी।

**मवेशियों के चारे का संकट गहराया**

बाढ़ के पानी के गांव में फैल जाने से खेत डूब गए हैं, जिससे मवेशियों के लिए चारे का संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर बाढ़ के पानी में उतरकर मवेशियों के लिए चारा लाने को मजबूर हैं।

# स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करना आवश्यक : डीएम

## रफीगंज प्रखंड के बराही में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर औरंगाबाद जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक और प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से ग्रामीण इलाकों में भी अभियान चलाया जा रहा है। आज स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के रफीगंज प्रखंड के बराही में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान 'औरंगाबाद है तैयार, वोट करेंगे सभी इस बार' के नारे के साथ बैलेट बिटिया की प्रतिकृति का भी अनावरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस बार मतदान के दौरान बुजुर्ग, दिव्यांग और महिला मतदाताओं के मताधिकार के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का संयोजन स्वीप की नोडल अधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी ने किया। जनसंवाद कार्यक्रम के उपरांत संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री शास्त्री ने दावा किया कि इस बार चुनाव में मतदान के प्रतिशत में अवश्य वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि युवा खासकर पहली बार मतदाता बने मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मतदाताओं को मतदान के प्रति आकर्षित करने के लिए पूरे जिले में विविध प्रकार के कार्यक्रम, प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक आदि आयोजित किये जा रहे हैं।




# सोन नदी में डूबी दो और महिलाओं के शव बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड क्षेत्र के बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर बालू घाट पर शुक्रवार को नाव पलटने से लापता चार में से दो और लोगों का शव बरामद कर लिया गया है जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है। बता दें कि इस हादसे में 11 लोग तैरकर किसी तरह बाहर निकले। शुक्रवार की शाम तक बड़ेम निवासी शमीम अंसारी की 20 वर्षीय बेटी तमन्ना एवं योगेंद्र राय की 21 वर्षीय बेटी काजल उर्फ छोटी की शव बरामद किया गया था। वहीं शनिवार को दो अन्य शव बड़ेम गांव निवासी नरेश चौधरी की 21 वर्षीय बेटी सोनी कुमारी एवं चितरंजन पासवान की पत्नी 30 वर्षीय पत्नी सविता देवी का शव बरामद किया गया है। विदित हो कि सोन नदी डीला पर खेती की जाती है। वहां आलू बुआई का काम चल रहा है। सभी मजदूर नाव में सवार होकर काम करने जा रहे थे। इसी क्रम में अचानक नाव सोन नदी में पलट गई। लापता सोनी कुमारी के पिता नरेश चौधरी ने बताया कि नाव पर 35-40 लोग सवार थे। कुछ लोगों को बचाया गया है। सरकार से क्या मांग कर सकते हैं, कोई सुनने वाला नहीं है। हम लोग गरीब हैं। कम से कम बॉडी तो मिलनी चाहिए। मृतका काजल की बहन किरण ने बताया कि बहन खेत में आलू बुआई के लिए गई थी। ओवरलोड के कारण नाव डूब गई। हमलोग गरीब परिवार से हैं। परिजनों ने बताया कि दिसंबर महीने में मृतका तमन्ना की शादी होने वाली थी। शादी को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी थी। लेकिन इस दौरान डूबकर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चार लोगों का शव अब तक बरामद किया गया है जबकि दो की तलाश जारी है। इस बीच जिला प्रशासन द्वारा इस हादसे के शिकार मृतकों के आश्रितों के बीच मुआवजा राशि के चेक का वितरण किया गया। मुआवजा राशि से संबंधित चेक प्रदान करते हुए नबीनगर की अंचलाधिकारी निकहत परवीन ने बताया कि यह काफी दुखद घटना है। हादसे में अब तक चार लोगों का शव बरामद किया गया है। जबकि दो अन्य लोग अब तक लापता है। एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की सहायता से खोजबीन जारी है। जिला प्रशासन इस दुःख की घड़ी में शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है।



# ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** फ़ेसर थाना क्षेत्र के सिमरी स्थित रेलवे ट्रैक पर वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान खुदवां थाना क्षेत्र के रघु बिगहा निवासी जानकी सिंह के 35 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र कुमार सिंह के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक मृतक कॉन्ट्रैक्टर के तहत रेलवे में मजदूरी का काम करता था। वह ट्रैक से गिट्टी हटाने का काम करता था। शनिवार की सुबह ट्रैक पर कार्य कर रहा था। इसी क्रम में अचानक वंदे भारत ट्रेन आ गयी। कई मजदूर किसी तरह ट्रैक से भागे जबकि जितेंद्र ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दे दी गई है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। परिजनों का कहना है कि हादसे का शिकार जितेंद्र गरीब परिवार से था। मृतक के पांच बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटियां हैं और दो बेटे हैं। जितेंद्र अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। वह किसी तरफ मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसके निधन के बाद परिजनों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# निर्वाचन व्यय से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि का रखा जाए रिकॉर्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग के अधीन कार्यरत व्यय सत्यापन टीम, व्यय पर्यवेक्षण टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा दल के सदस्यों की एक विस्तृत बैठक रवि रंजन आलोक राज्य कर संयुक्त आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग की अध्यक्षता में वाणिज्य कर कार्यालय में आहूत की गई। नोडल पदाधिकारी रवि रंजन आलोक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन व्यय से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि का पारदर्शी रिकॉर्ड रखा जाए और व्यय सत्यापन तथा निगरानी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय नियंत्रण की प्रक्रिया निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। अतः सभी दल अपने कार्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समयबद्धता के साथ करें। बैठक में व्यय सत्यापन टीम को यह निर्देश दिया गया कि वे प्रत्येक प्रत्याशी द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे दैनिक व्यय विवरण का सूक्ष्मता से सत्यापन करें और अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए सभी साक्ष्यों का संधारण सुनिश्चित करें ताकि किसी प्रकार की विसंगति की स्थिति में तत्काल जानकारी व्यय पर्यवेक्षक को उपलब्ध कराई जा सके। वहीं व्यय पर्यवेक्षण टीम को यह दायित्व सौंपा गया कि वे चुनाव प्रचार रैली जनसभा वाहन उपयोग पोस्टर बैनर एवं अन्य प्रचार सामग्री से संबंधित व्यय पर सतत निगरानी रखें और प्रत्येक गतिविधि का फोटो वीडियो एवं लिखित प्रमाण संधारित करते हुए दैनिक प्रतिवेदन व्यय लेखा कोषांग को प्रस्तुत करें। सहायक नोडल पदाधिकारी गुंजन कुमार ने बताया कि निर्वाचन व्यय निगरानी कार्य निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण अंग है इसलिए इसमें शिथिलता किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी टीमों को यह निर्देश दिया कि आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं समय-सारणी का अक्षरशः पालन किया जाए ताकि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को पूर्णतः निष्पक्ष पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। बैठक में व्यय लेखा कोषांग के नोडल पदाधिकारी, व्यय प्रेक्षक दल लेखा दल के सदस्य एवं संबंधित शाखाओं के अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।



# जागरूकता ही एड्स से बचाव का एकमात्र उपाय



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया जिसमें जिला नोडल पदाधिकारी भीम बहादुर सिंह ने छात्र-छात्राओं को एड्स से बचाव हेतु कई प्रकार की प्रेरणादाई बातें कही गई। एड्स को भयानक बीमारी बताया तथा इसके बचाव हेतु आत्म संयम के प्रति जोर दिया। इस अवसर पर स्थानीय सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के एनएसएस कोऑर्डिनेटर एवं विद्यालय के कोषाध्यक्ष डॉ संजीव रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एड्स के प्रति किए गए गोष्ठी को समयोचित बताया। उन्होंने कहा कि एचआईवी एवं एड्स एक गंभीर बीमारी है, लेकिन इसके बारे में सही जानकारी और सावधानियां अपनाकर इससे बचा जा सकता है। हमारा प्रयास है कि जवान न केवल स्वयं जागरूक रहें, बल्कि समाज में भी जागरूकता फैलाने का दायित्व निभाएं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ शिक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, राकेश पांडे, अरिघ्न नारायण सिंह सहित सभी आचार्य व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मतदान केंद्रों तक समय पर व सुरक्षित पहुंचे सामग्री : श्रीकांत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शनिवार को आम निर्वाचन 2025 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संपादन की दिशा में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा इनडोर स्टेडियम में संचालित सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने चुनाव संबंधी समस्त व्यवस्थाओं का विस्तार से अवलोकन किया तथा उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सामग्री कोषांग में रखे गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), वीवीपैट (वीवीपैट) एवं अन्य निर्वाचन सामग्रियों के संधारण, वर्गीकरण, पैकिंग एवं भंडारण की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सामग्री के संधारण एवं वितरण की प्रक्रिया को अत्यंत सावधानी, अनुशासन एवं पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की त्रुटि या असुविधा उत्पन्न न हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि सभी सामग्रियों का भौतिक सत्यापन समय-समय पर किया जाए तथा प्रत्येक सामग्री का लेखा-जोखा अद्यतन रखा जाए। उन्होंने कोषांग में स्थापित सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और कहा कि सामग्री कोषांग में अग्निशमन, विद्युत एवं प्रवेश-निकास नियंत्रण संबंधी सभी व्यवस्थाएं पूर्णतः दुरुस्त रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से निर्वाचन सामग्री के पैकिंग एवं लॉजिस्टिक प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी मतदान केंद्रों तक सामग्री समय पर एवं सुरक्षित रूप से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य एक अत्यंत संवेदनशील दायित्व है और इसमें लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मियों को कहा कि निर्वाचन की सभी तैयारियों को आयोग के निर्देशों के अनुरूप समय पर पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।



# किशोर को सात दिनों तक अस्पताल में देनी होगी सामुदायिक सेवा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** किशोर न्याय परिषद, औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसिजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने ओबरा थाना की एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए विधि विवादित किशोर को सज़ा सुनाई है। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस वाद के विधि विरुद्ध किशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा में सात दिनों का सामुदायिक सेवा करने का आदेश बोर्ड ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अंतर्गत दिया गया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को आदेश दिया गया है कि किशोर न्याय अधिनियम के धारा 74 का पालन हर हाल में होना चाहिए जिसमें निर्देश दिया गया कि विधि विरुद्ध किशोर की पहचान जानकारी उजागर नहीं होना चाहिए। अधिवक्ता ने बताया कि विधि विवादित किशोर के कार्यविधि पूर्ण होने पर उसके आचरण और व्यवहार से संबधित प्रतिवेदन किशोर न्याय बोर्ड में समर्पित करना सुनिश्चित करना होगा। बीएनएस की छोटी धाराओं में व्यवहार न्यायालय भी सामुदायिक सेवा का आदेश जारी कर सकती हैं।

# संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत दें : एसपी

## शराब सहित अन्य मामलों में 34 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने जिले में विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 34 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 9 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। शराब के शीर्ष कांडों में 6 एवं अन्य शीर्ष कांड में 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1723 वाहनों की जांच की गई जिसमें 141000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 49.2 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। विदित हो कि एसपी के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस अभियान को एसपी अम्बरीश राहुल खुद नेतृत्व कर रहे है। एसपी कि माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि चुनाव के मद्देनजर गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें। एसपी ने आम जनता से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और समाज में शांति व सुरक्षा का माहौल बना रहे। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।



# विकसित बिहार के लिए कृतसंकल्पित है जेन जी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद औरंगाबाद नगर इकाई द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के निमित्त सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में युवा मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला, महाविद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा, एबीवीपी के प्रदेश मंत्री छोटू सिंह, जिला प्रमुख प्रो. संजीव रंजन, किशोरी सिन्हा गर्ल्स हाई स्कूल की शिक्षक शालिनी स्वराज, एबीवीपी के नगर मंत्री प्रभात कुमार व प्रियंका सिन्हा ने मां सरस्वती, विवेकानंद व जयप्रकाश नारायण की तस्वीर पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला ने बताया कि बिहार का जेन जी विकसित बिहार के लिए कृतसंकल्पित है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए औरंगाबाद का युवा मतदान करेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# डीएम ने किया 'बैलट बिटिया' शुभंकर का अनावरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन-2025 में महिला मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने एवं महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष पहल के रूप में जिले के चुनाव शुभंकर 'बैलट बिटिया' का अनावरण किया गया। यह अनावरण रफीगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बराही (भेटनिया पंचायत) से किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा संयुक्त रूप से बैलट बिटिया का अनावरण किया गया। बैलट बिटिया के एक हाथ में ईवीएम तथा दूसरे हाथ में प्लेकार्ड है, जिस पर लिखा गया है। बैलट बिटिया की यही पुकार-औरंगाबाद है तैयार, इस बार 11 नंबर को करेंगे वोट। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह शुभंकर मतदाताओं, विशेषकर महिला एवं युवा मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने में प्रभावी भूमिका निभाएगा। यह पहल लोकतंत्र में जनभागीदारी को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। जिला प्रशासन द्वारा बैलट बिटिया के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि लोकतंत्र की सच्ची शक्ति जनसहभागिता में निहित है, तथा सभी मतदाता आगामी 11 नवंबर, 2025 को अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाएं।




# भाजयुमो चलाएगा नव मतदाता संपर्क व बाइक यात्रा अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की एक बैठक भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विकास सिंह ने की। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा की गई और युवाओं के बीच जनसंपर्क कार्यक्रमों को तेज करने का निर्णय लिया गया। युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी दुर्गेश सिंह ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा नव मतदाता संपर्क, युवा चौपाल और बाइक यात्रा जैसे कार्यक्रम चलाए जाएंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि विकसित भारत के संकल्पना को पूरा करने के लिए विकसित बिहार को बनाना अति आवश्यक है इसलिए युवा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे और अपना मत का दान अवश्य करें। बैठक में लवकुश सिंह, आशुतोष मोनू, गोलू गुप्ता, ऋषि सिंह, दीपक सिंह बबलू, सतीश सिंह, विकेश सिंह, विकाश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# क्रांतिदर्शी व संवेदनशील महामानव थे लोकनायक जयप्रकाश नारायण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर न्यू एरिया स्थित राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफ़ेसर रामविलास प्रसाद के आवास पर ‟आज के संदर्भ में भारत रत्न जयप्रकाश” विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफ़ेसर रामविलास प्रसाद ने की, जबकि संचालन छोटे कृषक यमुना साहू ने किया। संगोष्ठी का शुभारंभ मगध क्षेत्र के कवि और लेखक लव कुश प्रसाद सिंह की कविता जयप्रकाश का जीवन के पाठ से हुआ। अधिवक्ता कल्याण परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने जयप्रकाश नारायण के तेलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें राजनीतिक संत के रूप में स्मरण किया। मुख्य अतिथि के रूप में पलामू (झारखंड) से समाजसेवी और पूर्व बैंक अधिकारी पंकज श्रीवास्तव उपस्थित थे। उन्होंने जयप्रकाश नारायण को क्रांतिदर्शी और संवेदनशील महामानव बताया। उन्होंने कहा कि जेपी ने जीवनभर जनमानस के लिए प्रयोग किए और प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति जैसे पदों के प्रस्ताव को कई बार ठुकराया। कार्यक्रम में पंकज श्रीवास्तव को सम्मानचिह्न भेंट कर रसिक बिहारी सिंह, प्रोफ़ेसर सुरेंद्र नारायण सिंह और कवि लव कुश प्रसाद सिंह ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ताओं में प्रोफ़ेसर सुरेंद्र नारायण सिंह, अधिवक्ता विनय कुमार श्रीवास्तव, शेखर कुमार सिंह, रंजीत कुमार कुशवाहा, राम कुमार ठाकुर, राजेश कुमार, संजय कुमार सिन्हा, कमला कांत सिंह यादव, शेखर सिंह, अरविंद कुमार सिन्हा, वरिष्ठ सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता विनोद कुमार सिंह, संपूर्ण क्रांति मोर्चा के जिला अध्यक्ष उदय नारायण सिंह, शिवचंद प्रसाद सिन्हा और कार्यक्रम संयोजक दीपक कुमार वर्मा शामिल थे। यह कार्यक्रम मगध आंचल समग्र विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय रघुवर ने कहा कि औरंगाबाद की धरती पर दाउदनगर मंडल द्वारा कार्यक्रम की अनुमति नहीं दिया जाना लोकनायक जयप्रकाश और 1942 की अगस्त क्रांति के शहीदों का अपमान है। उन्होंने बताया कि जयप्रकाश नारायण का बचपन दाउदनगर में बीता था और औरंगाबाद जिले से उनका गहरा संबंध रहा है। हजारीबाग जेल से भागने के बाद उन्होंने जमाहोर में कुछ दिन भूमिगत रहकर आंदोलन का नेतृत्व किया था। डॉ. रघुवर ने कहा कि राबड़ी देवी सरकार के समय बने जयप्रकाश इंदौर स्टेडियम से जेपी का नाम नीतीश कुमार सरकार में हटा दिया गया, जो उनकी स्मृति को मिटाने का प्रयास है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि अगस्त क्रांति जगतपति स्मारक परिसर में जयंती कार्यक्रम की अनुमति न देना लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीति में नैतिक क्षरण गहरा गया है– या तो दलों के पास योग्य कार्यकर्ता नहीं हैं, या उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन और लोकनायक के योगदान की जानकारी नहीं है। विधानसभा चुनाव के बाद अधिकारीशाही के विरुद्ध जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन युवा अधिवक्ता रजनीश रघुवर ने किया।

